हरिभूमि
रायपुर भूमि





# ट्रक पलटने से लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेज बारिश के बीच सुबह नौ से दस बजे के करीब तेलीबांधा से टाटीबंध मार्ग पर ट्रक पलटने से लोगों को जाम से जूझना पड़ा। ट्रक पलटने से तेलीबांधा से लेकर पुराना धमतरी रोड में लंबा जाम लगा। जाम की स्थित ऐसी थी कि हाईवे के साथ सर्विस रोड में गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक पुलिस ने ट्रक को क्रेन की मदद से सीधा कराया। इसके बाद आवाजाही सामान्य हो पाई।

पुलिस के अनुसार ट्रक में लोहे की प्लेटें लोड थीं, ट्रक दुर्ग की ओर जा रहा था। इस दौरान प्रकाश स्वीमिंग पूल के पास ट्रक अचानक से बेकाबू होकर पलट गया। मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस की टीम ने मार्ग क्लीयर कराने ट्रक को क्रेन की मदद से सीधा कराया। इसके बाद सामान्य आवाजाही शुरू हुई।



### ऑफिस टाइम होने से दबाव बढ़ा

जिस समय ट्रक पलटा, वह लोगों के कामकाज तथा ऑफिस जाने का समय रहता है। सुबह बारिश हो रही थी। इस कारण गाड़ियों की रफ्तार धीमी थी। इसीलिए मार्ग क्लीयर होने के बाद भी ट्रैफिक स्मूथ होने में करीब एक घंटे का समय लग गया। सर्विस रोड में जगह-जगह गड्ढे होने से जलभराव हो गया था। इस कारण लोगों को रोड जाम के साथ जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा।

### लगा कई किलोमीटर तक लंबा जाम

संतोषी नगर की ओर जाने वाले ओवरब्रिज के ऊपर ठीक प्रकाश स्वीमिंग पूल के पास ट्रक पलटने से तेलीबांधा से टाटीबंध जाने वाले मार्ग, पुराना के साथ नए धमतरी रोड में तथा राजेंद्र नगर से लेकर संतोषी नगर सर्विस रोड में गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। ब्रिज में ट्रक पलटने की जानकारी मिलने पर भारी माल वाहक वाहन सर्विस रोड में चलने लगे। इस कारण गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं।



## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश के तस्कर को कैद, 50 हजार जुर्माना

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी गांजा तस्कर को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने पांच वर्ष कैद तथा 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने अंकुर अग्रवाल को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 अगस्त 2024 को पांच किलो गांजा जब्त किया था, जिसे वह ग्वालियर ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने गांजा तस्कर को शहीद स्मारक भवन के पास बनी पार्किंग में पकड़ा था।

### दो गांजा तस्करों को पांच-पांच साल कैद, जुर्माना

**रायपुर।** अभनपुर-आरंग के रास्ते कार से गांजा तस्करी कर ले जाने की कोशिश करने वाले दो गांजा तस्करों को विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट ने पांच-पांच वर्ष कैद तथा 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार, कोर्ट ने बलौदाबाजार निवासी किशोर कुमार साहू, राजकुमार ध्रुव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर के सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया था।

# कर्मचारियों की आधी ताकत से चल रहे आंबेडकर, डीकेएस अस्पताल

*पुराने सेटअप में द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत 1382 में 725 पद खाली*

**एनएमसी की गाइडलाइन और क्षमता बढ़ने के बाद 494 नए पदों की जरूरत भी**

- 52% पद खाली : डॉ. बीआर आंबेडकर, डीके और कैंसर अस्पताल में स्वीकृत 1382 पदों में से 725 पद खाली
- परिजनों की परेशानी : स्टाफ की कमी के कारण मरीजों के परिजनों को खुद स्ट्रेचर खींचना और दौड़भाग करनी पड़ रही
- आउटसोर्सिंग नाकाम : व्यवस्था को आउटसोर्सिंग (ठेके) पर छोड़ने से स्थिति सुधर नहीं रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल माने जाने वाले डा. बीआर आंबेडकर, डीके और कैंसर अस्पताल द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की आधी ताकत के भरोसे चल रहे हैं। पुराने सेटअप के अनुसार तीन हास्पिटलों में स्वीकृत 1382 पद में 725 यानी 52 फीसदी पद खाली हैं। इन पर भर्ती की प्रक्रिया भेजे गए प्रस्ताव की स्वीकृति के इंतजार में अटकी है। अस्पताल की क्षमता बढ़ने और एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार आंबेडकर और डीके हास्पिटल में इस वर्ग के 494 पदों की और जरूरत हैं।

आंबेडकर और डीके अस्पताल में अक्सर मरीजों के परिजनों के स्ट्रेचर और व्हीलचेयर खींचने की शिकायत सामने आती है। इसके अलावा अस्पताल से संबंधित अन्य कार्य के लिए परिजनों को स्वयं भागादौड़ी करनी पड़ती है। इसकी एक मात्र वजह अस्पताल में द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के पद पर सालों से भर्ती नहीं होना है। चिकित्सा शिक्षा विभाग स्तर पर इस तरह के काम को आउटसोर्सिंग के भरोसे छोड़ा है, जिसकी वजह से व्यवस्था पटरी पर नहीं बैठ पा रही है। आंबेडकर के अलावा डीके और 100 बिस्तर की क्षमता वाले कैंसर अस्पताल में स्वीकृत सेटअप के अनुसार तीनों श्रेणी के कुल 1382 पद स्वीकृत हैं, इनमें 657 पद भरे हुए हैं और 725 पद रिक्त हैं। खाली पदों पर नई भर्ती तो दूर, पुराने कर्मचारियों के रिटायर होने, मृत्यु अथवा तबादला होने के बाद भी खाली पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद आंबेडकर अस्पताल में मरीजों के बिस्तरों की क्षमता 700 से बढ़कर 1355 कर दी गई है। इसके बाद और एनएमसी की आईएनसी एवं शासन के सामान्य मानकों के अनुसार इन बड़े अस्पतालों में 494 पदों की और जरूरत है। विधानसभा में विधायक इंद्र साव के सवाल पर लिखित जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस पर स्वीकृति मिलने के 3 से 4 महीने के भीतर रिक्त पदों की भर्ती कर ली जाएगी। प्रस्ताव पर अनुमति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।



### आंबेडकर में 16 सौ और डीकेएस में 600 पदों की जरूरत

वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में 1355 और डीकेएस में मरीजों के बिस्तरों की संख्या 450 है। मानकों के अनुसार आंबेडकर हास्पिटल में 1600 और डीकेएस में द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की संख्या 600 होनी चाहिए। उपलब्धता के अनुसार आंबेडकर में 1250 और डीकेएस में 456 पद स्वीकृत हैं। यानी दोनों अस्पतालों में क्रमशः 350 और 144 कर्मचारियों की आवश्यकता और है। इसी तरह शासकीय हृदय रोग संस्थान, एड्वांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में 31 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध है। स्वीकृत सेटअप अनुसार तीनों श्रेणी के कुल 53 पद स्वीकृत हैं, जिसके विरुद्ध 21 पद भरे हैं एवं 32 पद रिक्त हैं।

# नहीं मिले छात्र, इग्नू ने 31 जुलाई तक बढ़ाई प्रवेश तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व में 15 जुलाई तक मांगे गए थे आवेदन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए नए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 31 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। यह सुविधा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से संचालित कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध होगी। इग्नू की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को ओडीएल एडमिशन पोर्टल के जरिए आवेदन करना होगा। वहीं, पूरी तरह ऑनलाइन संचालित कार्यक्रमों के लिए अलग ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थियों से 31 जुलाई तक आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, जिन्होंने अभी तक जुलाई 2026 सत्र के लिए पंजीकरण नहीं कराया है।

### पुनः वृद्धि नहीं

स्नातक पाठ्यक्रमों के अलावा विश्वविद्यालय कई ऑनर्स और विशेषीकृत स्नातक पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। इग्नू की लचीली शिक्षा प्रणाली छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी या अन्य जिम्मेदारियों को निभाने की सुविधा देती है। इन पाठ्यक्रमों को इस तरह तैयार किया गया है कि विद्यार्थी अपनी नौकरी या अन्य कार्यों के साथ पढ़ाई भी जारी रख सकें। डिग्री कार्यक्रमों के अलावा इग्नू कई डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी संचालित करता है। ये कार्यक्रम कौशल विकास और रोजगार क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, पर्यावरण अध्ययन सहित भाषा आधारित पाठ्यक्रम के कई विकल्प मौजूद हैं। प्रबंधन के मुताबिक, आवेदन केवल 31 जुलाई 2026 तक ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद आवेदन विंडो बंद कर दी जाएगी।

# 27 साल पहले हुए लोन घोटाले में अब पेश हुआ 15000 पन्नों का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



तत्कालीन मध्यप्रदेश के समय राज्य के चर्चित 1.86 करोड़ रुपए के हाउसिंग लोन घोटाला में ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में तीन आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को 15 हजार पन्नों का चालान पेश किया है। जिन लोगों के खिलाफ चालान पेश किया गया है, उनमें आधुनिक गृह निर्माण सहकारी समिति के तत्कालीन अध्यक्ष थावरदास माधवानी, तत्कालीन आवास पर्यवेक्षक बसंत कुमार साहू और सहकारी आवास संघ भोपाल के तत्कालीन प्रबंधक प्रदीप कुमार निखरा के नाम शामिल हैं।

> 186 सदस्यों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर 1.86 करोड़ हड़प लिए थे

जिन लोगों के खिलाफ चालान पेश किया गया है, उन पर सरकारी आवास योजना के नाम पर 186 सदस्यों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोन पास कराकर गबन करने का ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जांच कराने पर न ऋणी मिले न मकान

घोटाला उजागर होने पर तत्कालीन राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए। जांच टीम जब जांच करने पहुंची तो उन्हें बताए गए स्थानों पर खाली मैदान मिले। ऋण लेने वाले कर्जदारों के बारे में जानकारी जुटाई गई, तब सभी कर्जदार फर्जी पाए गए। इससे स्पष्ट हुआ कि पूरी योजना कागजों पर खड़ी कर सरकारी धन का गबन किया गया है।

# वार्षिक परीक्षा के साथ आंतरिक परीक्षा उत्तीर्ण करना भी अनिवार्य, इसके बगैर नहीं मिलेगा सर्टिफिकेट

## एनसीईआरटी उपलब्ध कराएगा भाषा सीखने से जुड़े संसाधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 2027-28 में कक्षा 10 की परीक्षा देने वाले छात्रों पर लागू होगा नियम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए थर्ड लैंग्वेज को लेकर बड़ा बदलाव किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किए गए नए नियमों के अनुसार अब केवल बोर्ड परीक्षा पास करना ही पर्याप्त नहीं होगा। यदि छात्र स्कूल स्तर पर होने वाले थर्ड लैंग्वेज के स्कूल बेस्ड असेसमेंट में सफल नहीं होते हैं, तो उन्हें कक्षा 10वीं का सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाएगा। हालांकि इस वर्ष विषय की बोर्ड परीक्षा नहीं होगी, लेकिन इंटरनल असेसमेंट पास करना अनिवार्य हो होगा। यह नियम उन छात्रों पर लागू होगा जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेंगे और 2027-28 में कक्षा 10 की परीक्षा देंगे। वर्तमान स्तर में कक्षा 10वीं में पढ़ रहे छात्रों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि थर्ड लैंग्वेज का मूल्यांकन निर्धारित स्कूल आधारित प्रणाली के तहत किया जाए। इसके लिए मूल्यांकन ढांचा पहले ही जारी किया जा चुका है। वहीं भाषा सीखने से जुड़े संसाधन एनसीईआरटी की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि स्कूलों ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कराना होगा री-असेसमेंट

सीबीएसई के 10 जुलाई को जारी गाइडलाइन के अनुसार कक्षा 10 में थर्ड लैंग्वेज की बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इसके बावजूद छात्रों को स्कूल की ओर से कराए जाने वाले इंटरनल असेसमेंट में सफल होना अनिवार्य होगा। इसके आधार पर उन्हें सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन पास सर्टिफिकेट मिलेगा। अगर कोई छात्र कक्षा 10 में इस इंटरनल असेसमेंट में असफल हो जाता है, तो संबंधित स्कूल को बोर्ड रिजल्ट घोषित होने से पहले उसका री-असेसमेंट करना होगा।

सुराना भवन
छोटापारा, रायपुर
सेल बाजार
Managed by Shubham K Mart Pvt. Ltd.
महादेव घाट रोड
सुमीत बाजार के बाजू, रायपुर
साड़ियाँ, सलवार सूट, सूटपीस, रेडीमेड (हर उम्र के लिये)
हैण्डलूम आयटम एवं गृह उपयोगी सामान
माइनर सेकण्ड्स एवं फ्रेश गारमेंट्स
सभी आयटम औने-पौने भाव में
स्पेशल ऑफर
मेन्स जीन्स 3 पीस
₹449 में
Only 28 एवं 30 वेस्ट वालों के लिये
KID'S WEAR
ब्वॉयज शर्ट ₹99
ब्वॉयज जीन्स ₹99
ब्वॉयज बरमुड़ा ₹65
ब्वॉयज टीशर्ट ₹75
HANDLOOM
एक्सपोर्ट बेडकव्हर ₹200
रेडीमेड पर्दे ₹99
फैंसी प्रिंटेड पिलो कव्हर ₹35
चेअर पेड ₹65
MEN'S WEAR
मेन्स टीशर्ट ₹99
मेन्स शर्ट ₹150
मेन्स ब्लेजर ₹499
बाजार मूल्य ₹1600 से ₹3000 वाली मेन्स ब्रांडेड जीन्स ₹599
GIRL'S WEAR
गर्ल्स कुर्ती 3 पीस ₹195
गर्ल्स टॉप 3 पीस ₹195
फैंसी सूटपीस 2 पीस ₹299
ब्रांडेड लेगिंग्स 2 पीस ₹199
सेल की हर आयटम का रेट अपने आप में आकर्षण है
*condition apply
सुराना भवन, छोटापारा रोड, H.P. गैस एजेंसी के सामने, रायपुर
अवश्य पधारें...
महादेव घाट रोड, सुमीत बाजार के बाजू, रायपुर

# संडी के स्कूलों में घुटने तक भरा पानी : शिक्षा विभाग को परवाह नहीं

**मंत्री व अधिकारियों की कई बार की फरियाद फिर ध्यान नहीं दे रहे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

कहने को तो हम डिजिटल इंडिया और आधुनिक शिक्षा के दौर में जी रहे हैं, लेकिन आरंग विकासखंड के ग्राम पंचायत संडी से आई तस्वीरें व्यवस्था के दावों की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी हैं। यहां के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर में इन दिनों शिक्षा का मंदिर कम और कोई 'टापू' ज्यादा नजर आ रहा है।

सालों पुरानी यह गंभीर समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है, लेकिन न तो ब्लॉक शिक्षा विभाग की नींद टूट रही है और न ही शासन-प्रशासन को इन मासूम बच्चों की तकलीफ दिखाई दे रही है।



## अधिकारी को तस्वीरें भेजकर अवगत कराया

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि पूरी तरह सक्रिय दिखे। विद्यार्थियों की इस नारकीय स्थिति को देखते हुए स्थानीय जनपद सदस्य व जनपद पंचायत आरंग के सभापति कृष्णा महेश साहू ने खुद स्कूल मैदान में भरे पानी की तस्वीरें खींचीं। उन्होंने इस बदहाली से सूबे के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब, जिला कलेक्टर और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आरंग को तस्वीरें भेजकर अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अफसोस, इतनी बड़ी-बड़ी कुर्सियों पर बैठे जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। मंत्रियों से लेकर अफसरों तक गुहार लगाने के बाद भी नतीजा सिफर रहा और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। संडी ग्राम पंचायत के सजग नागरिकों और पालकों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है।

इसी माह की शुरुआत में, बीते 3-4 जुलाई को हुई 24 घंटे की मूसलाधार बारिश ने स्कूल के मैदान को एक गहरे तालाब में तब्दील कर दिया था, जहां घुटनों तक भरे पानी और कीचड़ के बीच से होकर नौनिहालों को भारी मुसीबत उठाते हुए अपनी कक्षाओं तक पहुंचना पड़ा। हद तो तब हो गई, जब 16 जुलाई की रात हुई भारी बारिश ने एक बार फिर जख्मों को हरा कर दिया और पूरा स्कूल मैदान दोबारा पानी से लबालब हो गया। पानी की निकासी का कोई इंतजाम न होने की वजह से मैदान में खतरनाक फिसलन हो चुकी है, जिससे मासूमों के चोटिल होने और दूषित पानी से मलेरिया, डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा हर वक्त मंडरा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### रिमझिम वर्षा के बीच निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**कूरा।** गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ प्रभु की रथयात्रा क्षेत्र के अधिकांश गावों में निकाली गई धरसींवा के नगरपंचायत कूरा में चतुर्भुजी मंदिर समिति एवं समस्त भक्त जनों के माध्यम से विधि विधान से पूजा अर्चना कर जैसे ही रथयात्रा शुरू हुई आसमान से इंद्रदेव वर्षा के रूप में अपनी प्रसन्नता के पुष्प बरसाने लगे गांव के मुखिया से लेकर अन्य जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता और भगवान जगन्नाथ प्रभु के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने वाले बच्चे युवा बुजुर्ग महिलाएं बड़ी संख्या में रथयात्रा में रिमझिम बारिश के बीच प्रभु की भक्ति करते हुए रथयात्रा में चलती रहीं रथयात्रा में आयोजन समिति के नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, शिवेंद्र स्कूल प्रमुख प्रदीप शर्मा, मंदिर समिति अध्यक्ष बल्लू रजक, भवशिंग साहू, बलराम देवांगन, सत्तु देवांगन, रिजवान उल्ला खान, प्रेमलाल पाल, दीपक पटेल, सूर्यनारायण रजक, अरविंद देवांगन, हीरालाल गुरवेकर, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन सामिल हुए।

### सेवानिवृत्त पर शाखा प्रबंधक का सम्मान

**आरंग।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चंदखुरी के शाखा प्रबंधक अर्जुन दास मानिकपुरी के सेवा निवृत्त होने पर ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति आरंग क्र. 1438 में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गणेश राम साहू, समिति प्रबंधक संतोष कुमार साहू तथा समिति के कर्मचारियों ने साल एवं श्रीफल भेंट कर अर्जुन दास मानिकपुरी का सम्मान किया।

**निधन**

### बलराम तिवारी



**अभनपुर।** अभनपुर के प्रतिष्ठित नागरिक व भाजपा के वरिष्ठ नेता बलराम तिवारी का हृदयघात से 16 जुलाई की शाम करीब 7 बजे निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम अभनपुर मे किया गया। अंत्योष्टि कार्यक्रम मे स्थानीय लोगो के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, देवजी भाई पटेल सहित हजारों की संख्या मे भाजपा के के लोग शामिल हुए व श्रद्धांजलि दी। वे पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री संचित तिवारी के पिता है एवं गोपाल तिवारी व घनश्याम तिवारी के भाई है।

---

**कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप**

# क्रेन व सरई के गोले जब्त अभनपुर का आरामिल सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

अभनपुर स्थित मामनचंद हुकुमचंद शॉ आरा मील में वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में संदिग्ध अवैध सरई के गोले बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान आरा मील को सील कर दिया गया तथा एक क्रेन और लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरा मील परिसर में बड़ी मात्रा में सरई के गोले छिपाकर रखे जाने की शिकायत मिलने पर उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंची। आरोप है कि टीम के पहुंचने से पहले ही विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा मील संचालकों को कार्रवाई की सूचना दे दी गई, जिसके बाद क्रेन और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से बड़ी मात्रा में लकड़ी को दूसरे स्थान पर भेजने का प्रयास किया गया।



बताया जा रहा है कि वन विभाग ने मील से बाहर लकड़ी ले जाते हुए एक ट्रैक्टर वाहन को पकड़ा। जब अधिकारियों ने लकड़ी से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो मील संचालक कोई भी संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

सूत्रों के अनुसार जिस परिसर में कार्रवाई हुई वहां कुल चार आरा मील संचालित हैं लेकिन मौके पर केवल एक मील का ही लाइसेंस प्रस्तुत किया गया। शेष तीन मीलों के बिना वैध अनुमति संचालित होने की आशंका जताई जा रही है। इसके बाद सभी संबंधित आरा मीलों को सील कर दिया गया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि संबंधित डिपो प्रभारी नियमित रूप से आरा मीलों का निरीक्षण करने का दावा करते हैं, लेकिन यदि इतने बड़े पैमाने पर अवैध लकड़ी का भंडारण और कारोबार चल रहा था तो इसकी जानकारी विभाग को कैसे नहीं मिली। इससे विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## ट्रैक्टरों से भेजी लकड़ियां

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन आरा मीलों के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन स्थानीय वन अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण अवैध लकड़ी का कारोबार लंबे समय से जारी था। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि कार्रवाई से पहले क्षेत्र के डिप्टी रेंजर के मील पहुंचने के बाद कई ट्रैक्टरों में लकड़ी भरकर बाहर भेजी गई। इसी दौरान लकड़ी लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर को वन विभाग ने पकड़ लिया। यदि इन आरोपों की पुष्टि होती है तो विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो सकते हैं। जानकारी यह भी सामने आई है कि मील परिसर के भीतर अभी भी 90 टन से अधिक सरई के गोले छिपाकर रखे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। लकड़ी कितनी है इसकी आधिकारिक पुष्टि वन विभाग द्वारा अभी नहीं की गई है।

---

# समोदा में एचपीवी अभियान 30 छात्राओं का टीकाकरण



**आरंग।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, समोदा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। अभियान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान 30 किशोरियों का सफलतापूर्वक एचपीवी टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीकाकरण से पूर्व किशोरियों एवं उनके परिजनों को इसके लाभ और महत्व की जानकारी भी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कमल बर्मन ने बताया कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का सबसे प्रभावी और वैज्ञानिक उपाय है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में समय पर टीकाकरण कराने से भविष्य में इस गंभीर बीमारी का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। वहीं, सेक्टर सुपरवाइजर के. एल. मार्कण्डेय ने कहा कि स्वस्थ जीवन की शुरुआत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से होती है। टीकाकरण केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि आने वाले जीवन को सुरक्षित बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। अभियान को सफल बनाने में ग्रामीण चिकित्सा सहायक संध्या सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कमल बर्मन, सेक्टर सुपरवाइजर के. एल. मार्कण्डेय तथा स्टाफ नर्स जयप्रभा चंद्राकर की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही स्थानीय मितानिन सेवती, लिलेश्वर, चुनेश्वरी एवं कौशल्या ने घर-घर जाकर किशोरियों और उनके परिजनों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया।

---

# पीएम आवास के नाम पर हजारों की उगाही की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना को तिल्दा-नेवरा में कथित तौर पर कुछ लोग ही बदनाम करने में जुटे हैं। गरीबों के सिर पर छत देने वाली इस योजना के नाम पर हितग्राहियों को सूची से नाम कटने का डर दिखाकर 10 से 15 हजार रुपए तक की वसूली किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। हैरानी की बात यह है कि उगाही करने वाले खुद को भाजपा से जुड़ा बताकर प्रभाव का हवाला दे रहे हैं, जबकि कुछ भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के नाम भी चर्चा में हैं।

तिल्दा-नेवरा नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 108 हितग्राहियों के नाम स्वीकृत हुए हैं। सभी हितग्राहियों का चयन ऑनलाइन आवेदन और शासन द्वारा तय पात्रता के आधार पर किया गया है। लेकिन अब आरोप है कि कुछ लोग स्वीकृत सूची में शामिल हितग्राहियों के घर-घर जाकर उनसे पैसे मांग रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग हितग्राहियों को यह कहकर डरा रहे हैं कि उनके परिवार में पहले किसी सदस्य—जैसे पिता, माता या भाई—को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है, इसलिए उनका नाम सूची से हट सकता है।

### बहकावे में न आएं

इस मामले में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा ने हितग्राहियों से बहकावे में नहीं आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलते ही संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सीधे थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

---



### डॉ. बघेल जयंती पर 19 को सम्मान समारोह

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की 126वीं जयंती के अवसर पर 'छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज' द्वारा आगामी 19 जुलाई को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाज के केंद्रीय कार्यालय 'नरदाहा भवन' में आयोजित होगा। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में समाज के 50 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दानवीरों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि समाज द्वारा संचालित 'स्वामी आत्मानंद विद्या पीठ' के उन सभी मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की शुरुआत सुबह 8 बजे नवीन मार्केट में स्थापित डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी।

---

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बंटीं साइकिल, यूनीफार्म और पाठ्य पुस्तकें

**आरंग।** संकुल स्तर खमतराई हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी समारोह में कक्षा 6वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश (यूनिफॉर्म) का वितरण किया गया। साथ ही, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'सरस्वती योजना' के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान की गई, जिससे बालिकाओं के चेहरे खिल उठे और उनमें हर्ष की लहर दौड़ गई।

▪ बालिकाओं के चेहरे खिल उठे और हर्ष की लहर दौडी




**सफलता की नई उड़ान भरने के लिए प्रेरणा मिली :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपील की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन में बड़े लक्ष्य तय करने और सफलता की नई उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों के मन में स्कूल के प्रति उत्साह जगता है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। उन्होंने शालेय विकास मांग को मंत्री महोदय गुरु खुशवंत साहेब तक पहुंचाने की बात कही। समारोह की विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रीति राकेश चंद्राकर ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे विद्यालय विकास में समर्पित व सहयोगी रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सती बिशन लहरी सरपंच, कोमन नारायण साहू अध्यक्ष शाला समिति खमतराई, ज्ञानचंद लोधी उपसरपंच ने शाला प्रवेश पर बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व, संकुल प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की विभिन्न अकादमिक व सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने शालेय दर्ज संख्या, स्कूल की गतिविधियों तथा अध्यापन के मार्ग में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी दी। उन्होंने परिसर में एक 'स्कूल शेड' की महती आवश्यकता बताई, जिस पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ने त्वरित व सकारात्मक संज्ञान लेते हुए इसे जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूनमचंद साहू अध्यक्ष सहकारी समिति खमतराई, सरपंच प्रतिनिधि बिशन लहरी, उपसरपंच ज्ञानचंद लोधी, शाला विकास समिति अध्यक्ष गण कोमन नारायण साहू, टिकेश्वर लोधी व सनत साहू, धर्मेंद्र साहू, इंद्र कुमार साहू, सीताराम साहू, मोहित साहू, बृजनंदन सेन, देवकी साहू, झांसी लहरी, रोहित लोधी, लखन साहू, टिकेश्वरी चंद्राकर (प्राचार्य), हरीश दीवान (संकुल समन्वयक), सी. एल. एनेस्वरी, नरसिंह दास मानिकपुरी, सीमा राठौर, बबीता लहरे, तारकेश्वर डडसेना, पुनेश्वर साहू, हेमा बंजारे, भूषण जलछत्री, अरविंद वैष्णव, तारावती बंजारे, कृष्णकांत साहू, नोहर यादव, सुशील लहरी, हितेश साहू, अनीता साहू, दुकलहीन यादव, रजनी साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में पालकगण और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

---

# युवा शक्ति संगठन ने मुक्ति धाम में किया पौधारोपण

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा ब्लाक के ग्राम सड्डू में युवा शक्ति संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मुक्ति धाम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए संगठन के सदस्यों के आर्थिक सहयोग से लोहे के ट्री गार्ड भी लगाए गए। साथ ही पौधों की नियमित सिंचाई और संरक्षण की जिम्मेदारी संगठन की पर्यावरण समिति को सौंपी गई। करीब 35 युवाओं से मिलकर बने युवा शक्ति संगठन का उद्देश्य "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" के सिद्धांत पर समाज और गांव के विकास के लिए रचनात्मक कार्य करना है। संगठन के अध्यक्ष लोकनाथ साहू ने बताया कि संगठन गांव के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देता है। वहीं संरक्षक नरेंद्र यादव ने कहा कि संगठन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है और गांव की बुनियादी आवश्यकताओं एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है।



---

# फसल बीमा नहीं लेना है तो करें आवेदन वरना प्रीमियम कटेगा

**आरंग।** खरीफ सीजन 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ होते ही किसानों के सामने एक बार फिर नई दुविधा खड़ी हो गई है। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित रीवां द्वारा जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि जो किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ नहीं लेना चाहते, उन्हें समिति कार्यालय पहुंचकर आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के साथ निर्धारित प्रपत्र भरना होगा। यदि किसान ऐसा नहीं करते हैं, तो उनका फसल बीमा स्वतः हो जाएगा और प्रीमियम की राशि उनके खाते से काट ली जाएगी। समिति की इस सूचना के बाद किसानों के बीच योजना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। किसानों का कहना है कि बीमा का प्रीमियम तो बिना किसी परेशानी के कट जाता है, लेकिन जब फसल खराब होने पर क्लेम लेने की बारी आती है, तब उन्हें अनेक जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। पोर्टल की तकनीकी दिक्कतें, सर्वे में देरी, दस्तावेजों की मांग और प्रशासनिक औपचारिकताओं के कारण कई किसानों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पाता। किसानों का सबसे बड़ा दर्द यह है कि यदि किसी एक-दो किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा, जलभराव, सूखा या अन्य कारणों से खराब हो जाए, तो अक्सर न तो तत्काल सर्वे किया जाता है और न ही उन्हें बीमा राशि का लाभ मिल पाता है। किसानों का आरोप है कि अधिकांश मामलों में तभी दावा स्वीकार होने की संभावना बनती है, जब किसी बड़े क्षेत्र या पूरे गांव की फसल प्रभावित हो। ऐसे में जिन किसानों की व्यक्तिगत या सीमित क्षेत्र में फसल बर्बाद होती है, वे बीमा प्रीमियम देने के बावजूद राहत से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि फसल बीमा का उद्देश्य हर प्रभावित किसान को सुरक्षा देना होना चाहिए, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में छोटे स्तर पर हुए नुकसान को साबित करना और उसका मुआवजा प्राप्त करना बेहद कठिन है।

▪ किसानों के सामने फिर खड़ा हुआ बड़ा सवाल, छोटे नुकसान पर नहीं मिलता मुआवजा

---

**पेज 9 के शेष**

### 27 साल पहले हुए लोन...

आरोप है। लोन की राशि की वसूली नहीं होने के कारण 31 दिसंबर 2025 तक मूलधन और ब्याज मिलाकर 104 करोड़ रुपए डूबत ऋण में बदल गया है।

### वार्षिक परीक्षा के ...

को नई व्यवस्था लागू करने में सुविधा हो।

**9वीं में फेल होने पर भी प्रमोशन :** सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर कोई छात्र कक्षा 9 में थर्ड लैंग्वेज के स्कूल आधारित मूल्यांकन में सफल नहीं हो पाता है, तो उसे कक्षा 10 में प्रमोट कर दिया जाएगा। हालांकि उसे कक्षा 10 के दौरान ही कक्षा 9 की लंबित थर्ड लैंग्वेज परीक्षा भी पास करनी होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य छात्रों का एक साल खराब होने से बचाना है, लेकिन पास सर्टिफिकेट के लिए भाषा संबंधी शर्तें पूरी करना जरूरी होगा।

**लागू होगा तीन भाषा फार्मूला :** नई व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की जा रही है। इसके अनुसार 2026-27 से कक्षा 9 के सभी छात्रों को तीन भाषा पढ़नी होगी, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना अनिवार्य हैं। जिन छात्रों ने पहले से अंग्रेजी के साथ फ्रेंच, जर्मन या किसी अन्य विदेशी भाषा का चयन किया हुआ है, उन्हें एक बार की राहत दी गई है। ऐसे छात्र अपनी विदेशी भाषा जारी रख सकेंगे, लेकिन इसके साथ उन्हें एक भारतीय भाषा भी तीसरी भाषा के रूप में पढ़नी होगी। वहीं 2026-27 से कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए भविष्य में यही तीसरी भाषा कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा का भी हिस्सा बनेगी, क्योंकि उनके लिए नया पाठ्यक्रम और किताबें चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है।

---

**परेशान ग्रामीण अब ले रहे सौर ऊर्जा की जानकारी**

# भारी बिजली बिल से ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की तैयारी

**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ के धरसींवा क्षेत्र में इन दिनों बिजली उपभोक्ताओं, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भारी-भरकम बिजली बिलों का एक ऐसा पहाड़ टूट पड़ा है, जिसने उनकी कमर तोड़कर रख दी है। शासन-प्रशासन द्वारा आधुनिकता और सुविधा के नाम पर लगाए जा रहे नए स्मार्ट मीटर अब आम जनता के लिए राहत का सबब बनने के बजाय एक बड़ी मुसीबत साबित हो रहे हैं। धरसींवा के तमाम गांवों और कॉलोनियों में अचानक बेतहाशा बढ़े हुए बिलों को लेकर जनता का धैर्य अब जवाब दे चुका है, जिसके चलते बिजली विभाग और सरकार के खिलाफ चौतरफा भारी आक्रोश की लहर दौड़ गई है।



## सरकारी बिजली से मोहभंग, सौर ऊर्जा की तरफ बढ़ा रुझान

बिजली विभाग के इस अनियंत्रित रवैये और हर महीने आने वाले अनपेक्षित बिलों की मार से परेशान होकर अब धरसींवा की जनता का सरकारी बिजली व्यवस्था से पूरी तरह मोहभंग होने लगा है।

इस बेतहाशा लूट से खुद को बचाने के लिए क्षेत्र के लोग अब तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और उनका रुझान सौर ऊर्जा यानी सोलर पैनल की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीणों का साफ मानना है कि बिजली विभाग को जीवनभर अपनी गाढ़ी कमाई सौंपने से कहीं बेहतर है कि एक बार थोड़ा खर्च करके घर की छत पर सोलर पैनल लगवा लिया जाए। यही वजह है कि इन दिनों क्षेत्र में सोलर सब्सिडी योजनाओं को लेकर पूछताछ करने और इसे अपनाने की होड़ सी मची हुई है।

## बिल देखकर उड़े होश, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

क्षेत्र के पीड़ित उपभोक्ताओं का सीधा आरोप है कि जब से उनके घरों के पुराने मीटरों को बदलकर ये नए स्मार्ट मीटर टांगे गए हैं, तब से बिजली का बिल दोगुने से लेकर तीन गुना तक उछल गया है। जो दिहाड़ी मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार पहले हर महीने बमुश्किल 200 से 400 रुपये का बिल चुकाते थे, उन्हें अब अचानक 3,000 से लेकर 5,000 रुपये तक के बिल थमाए जा रहे हैं। हैरत की बात तो यह है कि जिन घरों में कूलर, एसी या हीटर जैसे कोई बड़े उपकरण हैं ही नहीं, वहां भी बिजली विभाग हजारों रुपये के बिल भेज रहा है। रोज कमाकर खाने वाले परिवारों के सामने अब इस भारी-भरकम राशि को चुकाने के चक्कर में दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

---

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
// ईश्तहार //
रा.मा.क्र./ / अ/6 अ वर्ष 2025-26 धरसींवा, दिनांक 10/07/2026

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्यामलाल साहू पिता मोहन लाल साहू निवासी ग्राम कारा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र वास्ते नक्शा बंटाकन बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम कारा, प.ह.न. 31 रा.नि.म. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न. 77/10 रकबा 1.3720 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उपरोक्त भूमि पर काबिज है। आवेदित भूमि का विधिवत सीमांकन माननीय तहसीलदार धरसींवा के रा.प्र.क्र. 202504111700008 अ/12 वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 03.04.2025 को सीमांकन कराया गया है। राजस्व निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर खसरा नंबर 77/10 रकबा 1.3720 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है, तथा मौके पर चांदा मुनारा या स्थाई सीमा चिन्ह स्थित नही होने के कारण आवेदित भूमि का नाम आस-पास के भू-खण्डो का मिलान करते हुए पटवारी नक्शा के अनुसार किया गया। आवेदित भूमि खसरा नंबर 77/10 रकबा 1.3720 हे. भूमि पैतृक भूमि है, जिसे आवेदक को बटवारा से प्राप्त हुआ है, राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 77/10 का नक्शा बंटाकन हो चुका है, नक्शा के क्षेत्रफल की गणना किया गया जो की दर्ज रकबा 1.3720 हे. से कम आता है। आवेदक द्वारा आवेदक के हक स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 77/10 रकबा 1.3720 हे. भूमि को रकबे के अनुसार नक्शे के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाकर सुधार किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नक्शा सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/07/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
-: ईश्तहार :-
रा.प्र.क. ............ / अ-6 / वर्ष 2025-26
ग्राम लिंगाडीह प.ह.नं.- 36

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदिका बासन आवड़े पति भूपेन्द्र निवासी ग्राम लिंगाडीह तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम लिंगाडीह प.ह. नं 36 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग में स्थित भूमि खसरा नंबर 107, 110 रकबा क्रमशः 0.14, 0.12 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.2600 हे. खातेदार सुकलाल पिता बल्दु सतनामी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार सुकलाल पिता बल्दु सतनामी का मृत्यु दिनांक 07.04.2026 को हो चुका है। उक्त आवेदित भूमि से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूँइया मद से दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

अतः एवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 20.07.2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग

## खबर संक्षेप

### छग धर्म स्वतंत्र्य अधिनियम 2026 महत्वपूर्ण कदम



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र्य अधिनियम-2026 लागू होने का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह कानून किसी भी धर्म विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि जबरन, प्रलोभन, कपट अथवा धोखाधड़ी के माध्यम से किए जाने वाले अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए बनाया गया है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी इच्छा एवं आस्था के अनुसार किसी भी धर्म को मानने, उसका पालन करने एवं प्रचार-प्रसार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, किंतु यदि किसी व्यक्ति का धर्म परिवर्तन भय, दबाव, लालच, छल अथवा अन्य अनुचित साधनों से कराया जाता है तो यह न केवल संविधान की भावना के विपरीत है, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बनता है। श्री छाबड़ा ने कहा कि नवीन अधिनियम में धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं विधिसम्मत बनाया गया है। इससे वास्तविक धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित रहेगी तथा अवैध एवं संगठित धर्मांतरण की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। यह कानून प्रदेश में सामाजिक समरसता, पारस्परिक विश्वास तथा सभी धर्मों के सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा। श्री छाबड़ा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जनभावनाओं एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### लोकेंद्र को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग में बतौर भृत्य कार्यरत लोकेंद्र कुमार वर्मा का विगत दिनों निधन हो गया। उनके पैतृक गृहग्राम बंगोली विकासखंड धरसींवा पहुंचकर आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, कर्मचारी आदर्श दुबे, लामेश्वर उरांव, शैलेंद्र गहरवाल, दीपक लकड़ा एवं दिनेश पाण्डे (सेवानिवृत्त) ने श्रद्धांजलि दी।

# पांचमंजिला पंजीयन बिल्डिंग तैयार, एसीयुक्त वेटिंग हॉल में डिस्प्ले बोर्ड समेत कई सुविधाएं मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर कलेक्टोरेट परिसर में रजिस्ट्री दफ्तर के लिए 5 मंजिला नई बिल्डिंग पूरी तरह से तैयार हो गई है। बिल्डिंग में अब कहीं-कहीं पर सिर्फ फिनिशिंग का अंतिम काम चल रहा है। यह काम भी आगामी कुछ दिनों में पूर्ण हो जाएगा, जिसके बाद बिल्डिंग लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगी। हालांकि लोकार्पण से पूर्व बिल्डिंग के दफ्तरों से लेकर उप पंजीयकों के कोर्ट रूम, रिकॉर्ड रूम, वेटिंग हॉल तक में लगने वाले फर्नीचर सहित अन्य सामग्री की खरीदी भी होनी है। इन फर्नीचरों के लगने के बाद ही बिल्डिंग में रजिस्ट्री दफ्तर की शुरुआत हो पाएगी।

### 9.16 करोड़ की लागत से बनी बिल्डिंग

कांग्रेस के शासनकाल में नई रजिस्ट्री बिल्डिंग को स्वीकृति मिली थी। इसके लिए 9 करोड़ 16 लाख 70 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ साल के बाद शुरू हुआ था। सूत्रों से पता चला कि इस देर के कारण बिल्डिंग के निर्माण कार्य का बजट पर भी असर पड़ा है। बिल्डिंग का कार्य पूर्ण होने तक लागत में लगभग 5 से 10 प्रतिशत की राशि बढ़ी है।



### डिस्प्ले बोर्ड लगेगा

रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट लेने वाले लोगों को अब बार-बार उप पंजीयक कोर्ट में जाकर यह पता लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी कि रजिस्ट्री के लिए उनका नंबर आने में और कितना समय लगेगा। बताया जा रहा है कि लोगों को राहत देने के लिए वेटिंग हॉल में डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें सभी उप पंजीयक कोर्ट में रजिस्ट्री नंबर की जानकारी दी जाएगी। इस नंबर को देखकर वे कोर्ट में जाकर रजिस्ट्री करा पाएंगे।

### हाईटेक बिल्डिंग बनने से मिलेगी राहत

पुराना रजिस्ट्री भवन बहुत छोटा तथा सुविधाएं भी कम है। नई हाईटेक पंजीयन बिल्डिंग के शुरू होने से आम लोगों के साथ उप पंजीयक-कर्मचारियों को अच्छी सुविधा मिलेगी।

विनोज कोचे, पंजीयक रायपुर

### फर्नीचर खरीदी के लिए निकाला जाएगा टेंडर

विभागीय सूत्र से पता चला कि नए रजिस्ट्री बिल्डिंग में फर्नीचर भी नए लगाए जाएंगे। पुरानी बिल्डिंग में लगे फर्नीचर काफी पुराने हैं और उन्हें निकालने में टूट-फूट भी हो सकती है। इसे देखते हुए नई बिल्डिंग में नए फर्नीचर लगाए जाने की संभावना बनी हुई है। नए फर्नीचर लगाने के लिए टेंडर भी निकाला जाएगा। इसमें जिसका रेट सबसे कम होगा, उसे टेंडर दिया जाएगा। इसमें और एक-दो माह लग सकते हैं। दीपावली से पहले नए पंजीयन दफ्तर का लोकार्पण किए जाने की संभावना है।

### सुविधाओं एवं सीसीटीवी से लैस रहेगी बिल्डिंग

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नई हाईटेक बिल्डिंग सुविधाओं एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगी। लोगों की सुविधा के लिए बिल्डिंग में बड़ा वेटिंग हॉल बनाया गया है, जो एसीयुक्त रहेगा। इसके अलावा कोर्ट रूम, पार्किंग परिसर, स्टाम्प रूम, रिकॉर्ड रूम, कैश काउंटर सभी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। बिल्डिंग में लोगों के लिए वाटर फिल्टर की सुविधा भी रहेगी, ताकि पेयजल के लिए किसी को भटकना नहीं पड़े।

## हर माह साढ़े चार सौ करोड़ से ज्यादा मिलता था मुनाफा

# महादेव सट्टा एप की काली कमाई विदेशों में निवेश, व्हाइट मनी में कन्वर्ट कर भारत पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप और स्काई एक्सचेंज की जांच का दायरा ईडी ने और बढ़ा दिया है। शुक्रवार को ईडी के रायपुर जोनल कार्यालय ने बयान जारी कर बताया है कि ऑनलाइन बेटिंग से अर्जित करोड़ों रुपए की काली कमाई को दुबई, मारीशस और यूनाइटेड किंगडम में बनाई गई विदेशी कंपनियों के जरिए कई स्तरों पर घुमाकर भारत में वैध निवेश के रूप में खपाया गया।

एजेंसी का दावा है कि यह पूरा नेटवर्क धन के वास्तविक स्रोत को छिपाने और उसे वैध दिखाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। दावों के मुताबिक सट्टा एप से हर महीने 450 करोड़ से अधिक की कमाई की गई है। जांच एजेंसी ने इस मामले में कारोबारी विकास गर्ग को 14 जुलाई को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया था। कारोबारी 24 जुलाई तक ईडी रिमांड पर है। पूछताछ में कई जानकारी सामने आ रही है। इस दौरान एजेंसी विदेशी निवेश, शेल कंपनियों और धन के प्रवाह से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर कारोबारी से पूछताछ कर रही है।

### ईडी ने बयान जारी कर दी जानकारी

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप, एबिक्स का चेयरमैन विकास गर्ग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को एबिक्स के चेयरमैन और कारोबारी विकास गर्ग को दिल्ली स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने ईडी को 24 घंटे की ट्रांजिट रिमांड दे दी है, जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए रायपुर लाया जा रहा है। बुधवार को विशेष पीएमएलए कोर्ट में कारोबारी को पेश किया जाएगा। कारोबारी से



रुपए मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की है। कुर्क की गई संपत्तियों में दिल्ली स्थित आवास, गोवा और नैनीताल की अचल

### विदेश से संचालित होता था नेटवर्क

*जांच एजेंसी के अनुसार ऑनलाइन बैटिंग एप और स्काई एक्सचेंज का पूरा सिंडिकेट विदेशों से संचालित फ्रेंचाइजी आधारित 'पैनल नेटवर्क' पर काम करता था। जांच एजेंसी के अनुसार बैटिंग एप की रकम सीधे बैंकिंग चैनलों से नहीं भेजी जाती थी, बल्कि पहले नकद के बदले फर्जी एंट्री तैयार कराई जाती थी। इसके बाद शेल कंपनियों के माध्यम से कई चरणों में धन को घुमाकर उसकी वास्तविक पहचान छिपाई जाती थी।*

### दुबई मनी ट्रेल का प्रमुख केंद्र

*ईडी की जांच में सामने आया है कि मनी लांड्रिंग के इस नेटवर्क में दुबई प्रमुख केंद्र था। अवैध कमाई को दुबई स्थित संस्थाओं तक पहुंचाने के बाद वहां से मारीशस और यूनाइटेड किंगडम की कंपनियों के जरिए निवेश की पूरी संरचना तैयार की गई। इसके बाद क्यूआइपी, एफपीआइ, एफडीआइ और एफसीसीबी जैसे वैध निवेश माध्यमों का इस्तेमाल कर विकास गर्ग के नियंत्रण वाली सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों में धन लगाया गया। ईडी का कहना है कि इस प्रक्रिया के जरिए काले धन को वैध निवेश का रूप दिया गया।*

### अमेरिकी कंपनी में खरीदी गई 97.58 फीसदी भागीदारी

*जांच एजेंसी के अनुसार मनी लांड्रिंग से जुड़े इसी धन का इस्तेमाल अमेरिका की कंपनी ईबिक्स इंक में 97.58 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए भी किया गया। इसके अलावा भारत और विदेशों में शेयर, प्रतिभूतियां, अचल संपत्तियां और अन्य निवेश भी इसी धन से किए गए। ईडी का आरोप है कि निवेश की यह पूरी श्रृंखला अपराध से अर्जित आय को छिपाने की सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।*

### करोड़ों की संपत्ति पहले ही हो चुकी है कुर्क

*ईडी ने पांच जून को विकास गर्ग, उसके परिवार के सदस्यों और उनके नियंत्रण वाली कंपनियों की करीब 940.77 करोड़ रुपए मूल्य की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था। इनमें आवासीय भवन, भूमि, इक्विटी शेयर, प्रतिभूतियां और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल हैं। इस मामले में अब तक भारत और विदेशों में स्थित 38 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की चल और अचल संपत्तियां अटैच, जब्त अथवा फ्रीज की जा चुकी हैं।*

# काशीराम नगर में निगम की बड़ी कार्रवाई 23 घरों के सामने अवैध कब्जों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के काशीराम नगर में शुक्रवार को नगर निवेश विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस मोहल्ले में 23 घरों के सामने लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध रूप से निर्माण करा लिए थे, जिसे जेसीबी से तोड़ा गया। इस दौरान किसी प्रकार का विरोध होने की आशंका को देखते हुए पुलिस भी मौजूद रही।



### नाले के ऊपर किए गए थे पक्के निर्माण

*गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक-48 अंतर्गत काशीराम नगर की गली नंबर-एक में पिछले कई साल से बारिश के सीजन में जलभराव की स्थिति बन रही थी। हाल ही में हुई बारिश से जलभराव की स्थिति बन गई थी, जिसकी शिकायत नगर निगम मुख्यालय से लेकर जोन दफ्तर में की गई थी। इस शिकायत के आधार पर आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने जब इस गली में नाले की जांच कराई, तो पता चला कि नाले के ऊपर ही कई घरों के परिवारों ने अतिक्रमण कर वहां कच्चे एवं पक्के निर्माण करा लिए हैं। इन निर्माण के कारण नाला जाम हो गया, जिसके कारण गली में बारिश होते ही जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। इस समस्या का निराकरण करने के लिए निगम की तोड़फोड़ टीम जेसीबी के साथ पहुंची और नाले के ऊपर बने हुए सभी 23 अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की।*





### नहाने-शौचालय रसोई घर का निर्माण

*इस गली में नाले के ऊपर अवैध निर्माण कराने वाले परिवारों में कोई शौचालय, किसी ने स्नान के लिए तो किसी ने रसोई बना ली थी। टीम ने इन सभी अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। बताया गया कि इस कार्रवाई के दौरान कुछ परिवारों के साथ निगम के अधिकारी के साथ वाद-विवाद भी हुआ, लेकिन मौके पर मौजूद कानूनी कार्रवाई के भय से किसी ने भी निगम की कार्रवाई को बाधित करने का प्रयास नहीं किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पंडरी कपड़ा मार्केट में भी नगर निगम की टीम ने एक थोक कपड़ा दुकान में इसी प्रकार कार्रवाई की थी। दुकान के संचालक ने नाला के ऊपर अतिक्रमण कर टिन का शेड बना लिया था, जिसे तोड़कर हटाया गया। इस अतिक्रमण के कारण बस्ती में बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन रही थी।*

## बिजनेस साइट

### रायपुर में आन ऑटोटेक ने शुरू किया दूसरा '3M कार केयर स्टूडियो'

रायपुर। शहर में प्रीमियम ऑटोमोबाइल केयर सेवाओं का विस्तार करते हुए आन ऑटोटेक ने अंबुजा मॉल के सामने अपना दूसरा 3M कार केयर स्टूडियो शुरू किया। नई सुविधा का उद्घाटन रामकुमार केशरवानी एवं प्रभा केशरवानी ने किया।



इस अवसर पर डॉ. विवेक केशरवानी सहित ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशांत केशरवानी के नेतृत्व में शुरू हुए इस स्टूडियो में 3M की प्रमाणित साइंटिफिक डिटेलिंग तकनीक के माध्यम से पेंट प्रोटेक्शन फिल्म, सिरेमिक एवं ग्राफीन कोटिंग, प्रीमियम डिटेलिंग, इंटीरियर रिस्टोरेशन, डीप केबिन सैनिटाइजेशन, विंडो फिल्म, अंडरबॉडी एंटी-कोरोजन कोटिंग और कार स्पॉ जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। यहां ग्राहकों को आधुनिक तकनीक का लाइव डेमो भी दिखाया जाएगा। प्रशांत केशरवानी ने कहा कि रायपुर में दूसरा 3M कार केयर स्टूडियो शुरू करना कंपनी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### वी-वाय हॉस्पिटल ने 11वां स्थापना दिवस मनाया

#### सिटी क्लीनिक एवं फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ

रायपुर। एनएबीएच मान्यता प्राप्त वी-वाय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपना 11वां स्थापना दिवस सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के संकल्प के साथ मनाया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में 'एक हरित संकल्प' के तहत



वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वहीं भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर माना बस्ती के बाजार चौक में वी-वाय हॉस्पिटल सिटी क्लीनिक एवं फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश एवं भगवान श्री जगन्नाथ की पूजा-अर्चना से हुई। अस्पताल के निदेशक मंडल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में संस्थान ने गुणवत्तापूर्ण, किफायती और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से मरीजों का विश्वास अर्जित किया है। नए सिटी क्लीनिक में विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, पैथोलॉजी जांच तथा 24×7 एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को उन्नत उपचार के लिए वी-वाय हॉस्पिटल रेफर किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. विष्णु गुप्ता, डॉ. श्रीधर राव, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. सुबीर श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कर्णावत, डॉ. आनंद पी. जोशी, डॉ. रेवती गुप्ता, डॉ. पीयू प्रकाश सक्सेना एवं डॉ. अमित मुखर्जी सहित नर्सिंग स्टाफ और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 'कॉटन सिल्क फैब' हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी में उमड़ रही खरीदारों की भीड़, 20% तक की विशेष छूट

रायपुर। राजधानी रायपुर में आयोजित 'कॉटन सिल्क फैब' हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी को शहरवासियों का शानदार रिस्पांस मिल रहा है। भारती शिल्पकार समिति, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित यह प्रदर्शनी 4 से 26 जुलाई तक



प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक गुरुतेग बहादुर हॉल, गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट नंबर-3 के सामने, घड़ी चौक में संचालित हो रही है। प्रदर्शनी में देशभर के शिल्पकारों द्वारा तैयार बनारसी व बंगाली साड़ियां, लखनऊ की चिकनकारी, रेडीमेड परिधान, हैंडलूम उत्पाद, हस्तशिल्प सामग्री, फर्नीचर, पारंपरिक एवं आधुनिक ज्वेलरी सहित लाइफस्टाइल उत्पादों की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है। आयोजकों के अनुसार चयनित उत्पादों पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है, जिससे खरीदारों में उत्साह बढ़ा है। आयोजकों का कहना है कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भारतीय हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करना और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है।

### 'ग्रैंड स्लैम जीके वर्कशॉप' में छात्रों ने सीखे करंट अफेयर्स और परीक्षा के गुर

रायपुर। क्लैट पॉसिबल रायपुर द्वारा 13 और 14 जुलाई को दो दिवसीय 'ग्रैंड स्लैम जीके वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय करंट अफेयर्स और पिछले छह महीनों की महत्वपूर्ण कानूनी घटनाओं पर विशेष फोकस



किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लैट पॉसिबल लखनऊ के वाइस प्रेसिडेंट एवं वरिष्ठ मेंटर आदित्य वाखलू ने रायपुर शाखा के फैकल्टी सदस्यों के सहयोग से किया। आठ घंटे की इस वर्कशॉप में छात्रों को करंट अफेयर्स की प्रभावी तैयारी, परीक्षा रणनीति और याददाश्त बढ़ाने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। 'एंटरटेनमेंट विद लर्निंग' थीम पर आधारित सेशन पूरे समय संवादात्मक और रोचक रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित कॉम्पिटिटिव क्विज में जूनियर वर्ग में विकर्तन यादव प्रथम, सक्षम पुरोहित द्वितीय और भव्य राठौर तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में आंचल सिंह ठाकुर ने पहला, भूपेश बनाज ने दूसरा तथा लीना शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर ब्रांच हेड डॉ. श्यामली मुखर्जी नामदेव ने कहा कि विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी को मजबूत बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 'बीएनआई जोश 2026' का भव्य आयोजन कल से

रायपुर। विश्व की अग्रणी बिजनेस रेफरल ऑर्गनाइजेशन बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) 19 जुलाई को होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में अपने प्रतिष्ठित वार्षिक कार्यक्रम 'जोश 2026' का आयोजन करेगी। कार्यक्रम में

BNI RAIPUR REST OF CHHATTISGARH

छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए व्यवसायी, उद्योगपति और बीएनआई पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थिति रहेंगे। बीएनआई का उद्देश्य मजबूत रेफरल नेटवर्क के माध्यम से व्यापार विस्तार, नेतृत्व विकास और प्रोफेशनल नेटवर्किंग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सदस्यों और चैप्टरों का सम्मान किया जाएगा, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन में बजरंग गोयल और अरविंद अग्रवाल विशेष वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

### एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी संपन्न




रायपुर। एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में फाउंडेशन, प्रिपरेटरी, मिडिल एवं सीनियर सेक्शन के नवनिर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों को विभिन्न नेतृत्व दायित्व सौंपे गए तथा बैज पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन एसके तोमर, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाण्डेय, सीबीएसई समन्वयक श्वेता दास, कैम्ब्रिज हेड विनोद जून एवं प्रॉक्टर बी. परमेश्वरी उपस्थित रहे। हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, डिसिप्लिन कैप्टन, ग्रीन एम्बेसडर, स्टूडेंट एडिटर, स्पोर्ट्स कैप्टन और फूड सेक्रेटरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने ईमानदारी, अनुशासन, सेवाभावना और उत्कृष्टता के साथ दायित्व निभाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. अविनाश पाण्डेय ने कहा कि सच्चा नेतृत्व अधिकार नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। विद्यालय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# भारी बारिश से दो ट्रेनें रद्द, एक का परिचालन आंशिक रूप से बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण बिलासपुर रेलवे स्टेशन एवं यार्ड के कई रेल ट्रैक जलमग्न हो गए हैं। इसके कारण रेल परिचालन प्रभावित हुआ है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कुछ ट्रेनों को रद्द किया है, जबकि कुछ ट्रेनों के परिचालन में आंशिक बदलाव किया गया है। इसके अलावा कुछ गाड़ियां विलंब से भी संचालित की जा रही हैं। रेलवे के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को 68737 रायगढ़–बिलासपुर मेमू तथा 58214 बिलासपुर–टिटलागढ़ पैसेंजर को रद्द किया गया। वहीं 17 जुलाई 2026 को 68862 झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू को आंशिक रूप से संचालित किया गया। यह ट्रेन चांपा स्टेशन पर ही समाप्त हुई और चांपा से दगोरी के

### रेलवे स्टेशन और यार्ड में जलभराव के कारण एहतियातन लिया गया फैसला



बीच इसका परिचालन रद्द रहा। इसके बाद यही रेक 68861 गोंदिया–झारसुगुड़ा मेमू बनकर चांपा से झारसुगुड़ा के लिए रवाना हुई। रेलवे प्रशासन ने बताया कि भारी वर्षा के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने की अपील की गई है।

# कोल घोटाला में आरोपी बनाए गए कांग्रेस नेता रामगोपाल कोर्ट में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाला में आरोपी बनाए गए कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को शुक्रवार को ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जांच एजेंसी ने अग्रवाल को कोर्ट में पेश करने के बाद शराब घोटाला में पूछताछ करने रिमांड देने आवेदन पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष की छह दिन की पुलिस रिमांड 22 जुलाई तक स्वीकृत की है। जांच एजेंसी ने उन्हें कोल के बाद अब शराब घोटाला में गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष की तीन साल की फरारी के बाद ईओडब्लू, एसीबी ने उन्हें 10 दिन पूर्व कोल घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किया है। नौ दिन की पूछताछ के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। नई रिमांड के दौरान

### कोल के बाद अब शराब घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी की टीम करेगी पूछताछ



जांच एजेंसी उनसे शराब घोटाला के कथित वित्तीय लेन-देन, धन के स्रोत, रकम के उपयोग, विभिन्न व्यक्तियों से संपर्क और दस्तावेजी साक्ष्यों के संबंध में पूछताछ करेगी।

जांच एजेंसी का दावा है कि कोल लेवी जांच के दौरान कारोबारी सूर्यकांत तिवारी से जब्त डायरी में कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपए की एंट्री मिली थी। ईओडब्ल्यू यह जांच कर रही है कि यह राशि किसके माध्यम से पहुंची, किसने प्राप्त की और उसका उपयोग कहां हुआ।

## सांसद बृजमोहन ने किया रथयात्रा का स्वागत

**रायपुर**। उत्कल विकास मंच के तत्वावधान में गुरुवार को उत्कल गौरव मधुसूदन दास चौक पर छत्तीसगढ़िया उत्कल समाज के सदस्यों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य



आतिथ्य में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का स्वागत किया। इस दौरान सांसद श्री अग्रवाल एवं उत्कल समाज के सदस्यों ने भगवान जगन्नाथ से प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। स्वागत के दौरान संजय सोनी, बलमत महानंद, महादेव नायक, आनंद ताकिया, गाड़ा महासभा के अध्यक्ष नारायण बाघ, पार्षद संजना संतोष हियाल, एल्डरमेन गोपाल सोना समेत अन्य शामिल रहे।

## सतनामी समाज की बैठक कल

**रायपुर**। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से सतनामी समाज की बैठक 19 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में रखी गई है। बैठक में छग की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता के स्मृति दिवस समारोह, सतनामी प्रतिभा सम्मान, अतिथि आमंत्रण, स्थल चयन, विचार गोष्ठी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने सतनामी समाज के सभी प्रमुखजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं महिला मंडल के सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

पेज 09 के शेष

### 27 साल पहले हुए लोन घोटाले में अब...

आरोप है। लोन की राशि की वसूली नहीं होने के कारण 31 दिसंबर 2025 तक मूलधन और ब्याज मिलाकर 104 करोड़ रुपए डूबत ऋण में बदल गया है।

### वार्षिक परीक्षा के साथ आंतरिक...

को नई व्यवस्था लागू करने में सुविधा हो।

**9वीं में फेल होने पर भी प्रमोशन:** सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर कोई छात्र कक्षा 9 में थर्ड लैंग्वेज के स्कूल आधारित मूल्यांकन में सफल नहीं हो पाता है, तो उसे कक्षा 10 में प्रमोट कर दिया जाएगा। हालांकि उसे कक्षा 10 के दौरान ही कक्षा 9 की लंबित थर्ड लैंग्वेज परीक्षा भी पास करनी होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य छात्रों का एक साल खराब होने से बचाना है, लेकिन पास सर्टिफिकेट के लिए भाषा संबंधी शर्तें पूरी करना जरूरी होगा।

**लागू होगा तीन भाषा फार्मूला:** नई व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की जा रही है। इसके अनुसार 2026-27 से कक्षा 9 के सभी छात्रों को तीन भाषा पढ़नी होगी, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना अनिवार्य हैं। जिन छात्रों ने पहले से अंग्रेजी के साथ फ्रेंच, जर्मन या किसी अन्य विदेशी भाषा का चयन किया हुआ है, उन्हें एक बार की राहत दी गई है। ऐसे छात्र अपनी विदेशी भाषा जारी रख सकेंगे, लेकिन इसके साथ उन्हें एक भारतीय भाषा भी तीसरी भाषा के रूप में पढ़नी होगी। वहीं 2026-27 से कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए भविष्य में यही तीसरी भाषा कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा का भी हिस्सा बनेगी, क्योंकि उनके लिए नया पाठ्यक्रम और किताबें चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### कैरियर काउंसिलिंग से छात्राओं को मिली उज्ज्वल भविष्य की दिशा

**रायपुर।** विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने तथा उनके भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में नवाचारी पहल विजयी भवः के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कुल 365 छात्राएं शामिल हुईं। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों, व्यक्तित्व विकास, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा भविष्य की संभावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं को अपनी रुची एवं क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। बैठक में सीईओ ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के परिपालन की एक-एक कर समीक्षा की। सभी नोडल अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य केंद्रों में मातृ स्वास्थ्य की एंट्री जननी पोर्टल में 7 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शत-प्रतिशत हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी मातृ एवं शिशु मृत्यु प्रकरणों का अनिवार्य रूप से ऑडिट किया जाए। बीएमओ स्वयं जाकर प्रकरणों का अवलोकन करेंगे।

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सहायक कमांडेंट भर्ती परीक्षा कल



**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) नई दिल्ली द्वारा आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सहायक कमांडेंट भर्ती परीक्षा-2026 19 जुलाई को जिले के 4 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा दो पाली में होगी, जिसमें प्रथम पाली में 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा में कुल 1704 अभ्यर्थी शामिल होंगे। कलेक्टर गौरव सिंह ने परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षार्थी की प्रवेश से पूर्व फ्रिस्किंग एवं फेस ऑथेंटिकेशन की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी की जाए।

### खाद्य अधिकारी ने किया दुकानों का निरीक्षण



**रायपुर।** खाद्य विभाग के जिला अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को तिल्दा विकासखंड क्षेत्र में संचालित उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई दुकानों में खाद्यान्न वितरण, स्टॉक की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने दुकानों में पहुंचने वाले हितग्राहियों से बातचीत की और खाद्यान्न मिलने में कोई समस्या तो नहीं आ रही है। इसकी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने दुकानदारों को नियमित रूप से समय पर दुकान खोलने एवं वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि अगर खाद्यान्न वितरण या दुकान खुलने से संबंधित शिकायत आएगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बगैर सुरक्षा स्कूली बच्चों का परिवहन, 35 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक डीसीपी डॉ. अर्चना झा के निर्देशन में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में बच्चों का परिवहन करने वाले ई-रिक्शा, ऑटो एवं वैन की औचक जांच की। जांच के दौरान सुरक्षा खामी पाए जाने पर 35 ऑटो के खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने एक दर्जन स्कूल के बच्चों को लाने ले जाने वाली गाड़ियों की जांच की। जांच के दौरान कई वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन करते हुए पाया गया। जिन गाड़ियों में क्षमता से अधिक बच्चा ढोने वाली गाड़ियां मिलीं, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही ऐसे वाहन चालकों को बच्चों को सुरक्षित ढंग से बैठाने, वाहन की क्षमता का पालन करने तथा सभी यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में समझाइश दी गई। इस दौरान उपस्थित पालकों एवं अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए क्षमता से अधिक बच्चों को किसी भी वाहन में नहीं बैठाने की सलाह दी गई।

**ट्रैफिक डीसीपी के निर्देश पर सपेशल टीम गठित कर की गई जांच**

**एक दर्जन स्कूल पहुंचकर की जांच**



### ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को स्कूल लाने ले जाने तथा ऐसे बच्चे जो ऑटो, वैन तथा अन्य सवारी गाड़ियों से स्कूल आना-जाना करते हैं, उनके लिए ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी करने के साथ सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए अपील की है, जो इस तरह है :

- निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न करें
- वाहन की फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखें
- बच्चों को सुरक्षित बैठाकर ही वाहन चलाएं
- यातायात नियमों का पालन कर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

## उचित मूल्य दुकान आवंटन में बड़ी गड़बड़ी

# कंट्रोल दुकानों के आवंटन पर 'कंट्रोल' नहीं, नियम तोड़कर पार्षद ने खुद रख ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की दुकान आबंटन करने में भी बड़ी गड़बड़ी की जा रही है। एक ऐसा ही मामला रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत गोबरा नवापारा के वार्ड क्रमांक 16 का सामने आया है, जहां उचित मूल्य की दुकान ऐसे महिला समूह को आबंटित कर दी गई, जिसकी अध्यक्ष स्वयं वार्ड की पार्षद है।

आबंटन के लगभग दो महीने बाद जब इसका राज गांव में खुला, तो लोगों ने इसकी शिकायत अभनपुर तहसील से लेकर खाद्य विभाग में की। इधर इस मामले में कोई एक्शन लिया जाता, उससे पहले अपनी कुर्सी जाने के भय से पार्षद ने समूह के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि एसडीएम स्तर पर इस दुकान का आबंटन हुआ है तथा इस मामले की शिकायत अभी उनके पास आई है। इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फूड इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर दुकान आबंटित

गोबरा नवापारा में वार्ड क्रमांक-16 में उचित मूल्य की दुकान आबंटन करने के लिए एसडीएम कार्यालय की ओर से विज्ञापन जारी किया गया था। इसके एवज में कई महिला स्वसहायता समूह की ओर से आवेदन किए गए थे। इन आवेदनों की जांच के बाद गुनगुन महिला स्वसहायता समूह को दुकान आबंटित कर दी गई। इस समूह ने करीब दो माह तक दुकान संचालित करते हुए खाद्यान्न का वितरण भी किया, लेकिन इस बीच गांव के कुछ लोगों को जानकारी मिली कि जो समूह उचित मूल्य की दुकान संचालित कर रहा है, उसकी अध्यक्ष कोई और नहीं, बल्कि वार्ड की पार्षद निर्मला साहू है। लोगों ने इसके बाद इसकी शिकायत फूड इंस्पेक्टर से लेकर एसडीएम दफ्तर में की, लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब जाकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला खाद्य अधिकारी से की।

### 3 माह बाद भी दुकान खुली नहीं

हद तो तब हो गई, जब दुकान आबंटन होने के 3 माह बीत जाने के बाद भी समूह द्वारा दुकान खोली नहीं गई है। इसके कारण बंजारी गांव के लोगों को अभी भी दूसरे गांव में जाकर उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न लेना पड़ रहा है।



### शिकायत मिली है

इन दोनों मामलों में शिकायत मिली है। गोबरा नवापारा की वार्ड पार्षद ने समूह के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, वहीं बंजारी गांव में दुकान आबंटन की जांच कराएंगे। फूड इंस्पेक्टर ने अगर जांच करने में लापरवाही या गड़बड़ी की है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजेंगे।

**- रवि सिंह,** एसडीएम अभनपुर

### कार्रवाई संबंधी प्रस्ताव आयगा तो जांच कराएंगे

शिकायत मिली है। दोनों दुकानें एसडीएम अभनपुर स्तर पर आबंटित की गई है। एसडीएम स्तर पर कार्रवाई संबंधी कोई प्रस्ताव आएगा तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### विज्ञापन में एक समूह का आवेदन, आबंटित दूसरे समूह को

एक अन्य प्रकरण में फूड इंस्पेक्टर द्वारा एसडीएम के समक्ष पेश की गई फाइल के आधार पर एक ऐसे समूह को दुकान आबंटित कर दी गई है, जिसके द्वारा जारी विज्ञापन की समय-सीमा खत्म होने के बाद आवेदन जमा किया गया है। नया रायपुर के ग्राम चेरिया के आश्रित ग्राम बंजारी में यह दुकान आबंटित हुई है। यहां भी फूड इंस्पेक्टर ने यह कहकर समय-सीमा के अंदर आए समूह को दुकान आबंटन नहीं होने दिया कि सिर्फ एक नाम ही दुकान के लिए आया है, जबकि बाद में दोबारा विज्ञापन जारी किए बिना दूसरे समूह को यह दुकान आबंटित कर दी गई।

### कार्रवाई से पहले पार्षद ने अध्यक्ष पद छोड़ा

*इधर ग्रामीणों द्वारा एसडीएम दफ्तर में की गई शिकायत की जानकारी जैसे ही वार्ड पार्षद को मिली, तो उनके द्वारा आनन-फानन में अपनी कुर्सी जाने के भय से स्वसहायता समूह के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि होते हुए कोई भी सरकारी दुकान अपने नाम आबंटित नहीं करा सकता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पार्षद ने अपने पद का फायदा उठाकर दुकान को अपने समूह को दिलाया है, इसलिए इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।*

### फूड इंस्पेक्टर का बड़ा रोल

*विभागीय सूत्र के अनुसार किसी भी क्षेत्र में उचित मूल्य की नई दुकान आबंटन करने के लिए विज्ञापन जारी किया जाता है। इस विज्ञापन के लिए जिन समूहों द्वारा आवेदन किया जाता है, उनकी जांच-पड़ताल की जाती है, ताकि दुकान ऐसे समूह या समिति को आबंटित न हो जो अपात्र है। इस रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी दुकान का आबंटन करता है। इस तरह अपात्र समूह को दुकान आबंटन में फूड इंस्पेक्टर का बड़ा रोल है।*

# मुराद पूरी करने का झांसा देकर किशोर से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फर्जी बाबा ने किशोर को कमरे में बंद कर नग्न कर घुमाया
- आजाद चौक थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व की घटना

मुराद पूरी करने का झांसा देकर किशोर को बंधक बनाकर नग्न कर घुमाने वाले फर्जी बाबा को आजाद चौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी खैरागढ़ का रहने वाला है। किशोर उसके पास अपने घर की माली हालत ठीक कराने तथा बाधा दूर कराने फरियाद लेकर गया था।

किशोर की शिकायत पर पुलिस ने मुस्तकीम को गिरफ्तार किया है। किशोर ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी मुराद पूरी कराने के साथ घर की बाधा दूर कराने फर्जी बाबा के दरबार में गया था। बाबा ने किशोर को 15 जुलाई को ईदगाह भाठा स्थित एक मकान में बुलाया। इसके बाद बाहर खड़े एक व्यक्ति ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। अंदर बैठे बाबा ने किशोर को तुम्हारी मुराद पूरी करता हूं, बोलकर उसका पूरा कपड़ा उतरवाकर उसे नग्न हालत में रूम के अंदर पांच मिनट तक गोल गोल घुमाया। उसके बाद अपने पैर को चुमवाकर तुम्हारी मुराद पुरी हो गई, सभी बधाओं को दूर कर दिया हूं, बोलकर कपड़ा पहनाकर घर भेज दिया। बाबा की इस हरकत से किशोर ने अपमानित महसूस किया और उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।

### मुस्तकीम पेशे से ऑटो चालक है

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया है कि वह पेशे से ऑटो चलाने का काम करता है। बाबाओं को देख उसके मन में बाबा बनने की इच्छा हुई और अपने साथी के साथ मिलकर अपने नाम का प्रचार प्रसार कर झाड़-फूंक कर बाबा गिरी करने का काम करने लगा। आरोपी अपने गृह क्षेत्र से बाहर दूसरे जिलों में जाकर लोगों को अपने झांसे में लेकर ठगी करने का धंधा चलाता था।

# डेढ़ माह में चोरी की 51 दोपहिया जब्त हिस्ट्रीशीटर सहित 31 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दोपहिया वाहन चोरों के खिलाफ संबंधित थानों के साथ क्राइम ब्रांच की टीम अभियान चलाकर शातिरों को गिरफ्तार करने का काम कर रही है। क्राइम तथा पुलिस की टीम ने डेढ़ माह के भीतर पुलिस कमिश्नरेट के सभी जोन में चोरी के 51 वाहन जब्त किए हैं। इस दौरान 31 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 36 लावारिस वाहन भी बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए 51 दोपहिया में से 36 गाड़ी एसीसीयू की विशेष टीम ने, जबकि 15 वाहन संबंधित थाना पुलिस ने जब्त किए हैं। इसके अलावा लावारिस मिले 36 वाहनों में 22 वाहन एसीसीयू और 14 वाहन संबंधित थानों की पुलिस ने जब्त किए हैं। इसी अभियान के तहत सोमवार को एसीसीयू और पंडरी थाना पुलिस ने शातिर हिस्ट्रीशीटर वाहन चोर अभिषेक राय उर्फ जीतू (26) को गिरफ्तार किया। वाहन चोरी के कई मामलों में शामिल अभिषेक लगातार चोरी की बाइक बदल-बदलकर इस्तेमाल कर रहा था। सूचना के आधार पर विधानसभा क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे बाइक के साथ पकड़ा गया।

- 36 दोपहिया लावारिस हालत में जब्त की गई थी

**ज्यादातर दोपहिया के नंबर प्लेट बदल देते थे :** पड़ताल में अब तक जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक वाहन चोर दोपहिया चोरी करने के बाद गाड़ियों के नंबर प्लेट बदल देते हैं। इसके साथ ही चोरी की गाड़ियों को सार्वजनिक स्थानों की पार्किंग में कुछ दिन पार्क करने के बाद दोपहिया बेचने ग्राहक तलाशते हैं। दोपहिया चोर चोरी की गाड़ी बेचने ग्रामीण इलाकों के लोगों से संपर्क करते हैं। उन्हें आरसी बुक गायब होने, चोरी होने का झांसा देकर चोरी की गाड़ी को कम कीमत पर बेच देते हैं। जिन लोगों को गाड़ी बेचते हैं, उनमें ज्यादातर मजदूर वर्ग के साथ कृषि कार्य से जुड़े लोग होते हैं।

### दूसरे राज्य में खपा रहे चोरी की गाड़ियां

*पुलिस के अनुसार दोपहिया चोरी करने ज्यादातर चोर चोरी की गाड़ियों को महासमुंद जिला होते हुए खपाने के लिए ओडिशा ले जाते हैं। सीसीटीवी फूटेज मिलने तथा चोर के पकड़े जाने के बाद पुलिस को पता चलता है कि फलां जगह से चोरी गई दोपहिया ओडिशा में जाकर बेची गई है। कबाड़ियों के यहां गाड़ी कटिंग कर बेचने का काम पहले की तुलना में कम हो गया है। इसका प्रमुख कारण पुलिस ने सभी कबाड़ियों को बगैर आरसी के गाड़ी कटिंग नहीं करने सख्त हिदायत दी है। कबाड़ी के यहां गाड़ी बिक्री की मुखबिरी हो जाती है, इसलिए कबाड़ का काम करने वाले चोरी की दोपहिया खरीदने से परहेज कर रहे हैं। एचएसआरपी लगे नंबर प्लेट को उखाड़कर मैन्युअल नंबर प्लेट में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेच देते हैं।*

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने अधिकारी-ठेकेदारों के साथ की बैठक**

# निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक ठेकेदार भी शामिल हुए। इस दौरान अध्यक्ष ने कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने ठेकेदारों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदार समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करेंगे, तो उनके देयकों का समय-सीमा में भुगतान भी होगा।

अनुराग सिंह देव ने बताया कि विगत डेढ़ वर्षों में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल द्वारा लगातार मंडल के कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में मंडल के कार्यरत सभी ठेकेदारों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मंडल के कार्य क्षेत्र के विस्तार, घर निर्माण के साथ नगर विकास योजनाएं, री-डेव्हलपमेंट योजना, सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण जैसी बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी गई, साथ ही इन योजनाओं के सुचारू संपादन के लिए सुझाव भी लिए गए। उन्होंने कहा कि मंडल के अधिकारियों एवं ठेकेदारों को यह विशेष रूप से ध्यान रखना होगा कि हितग्राहियों के घर निर्माण में उसकी गुणवत्ता निर्धारित मापदण्ड के अनुसार उसी स्तर का होना चाहिए जिस स्तर पर आप अपने स्वयं के घर के निर्माण के समय ध्यान रखते हैं।

### ठेकेदारों ने रखे सुझाव

बैठक में ठेकेदारों ने भी भूमि के चयन, ले-आउट प्लान सहित अन्य कई विषयों पर अपने-अपने सुझाव रखे। आयुक्त ने इन सुझावों पर सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त एवं कार्यपालन अभियंता को परीक्षण कर कार्यवाही के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों के सभी प्रकार के देयकों के त्वरित भुगतान के लिए लेखा एवं तकनीकी शाखा के अधिकारियों को चेक लिस्ट जारी करते हुए भुगतान प्रक्रिया को त्वरित व सुगम बनाने के निर्देश दिए।



**कहा-ठेकेदारों को भुगतान भी समय-सीमा में होगा**

### निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की प्रतिभागिता बढ़ाने की जरूरत

अध्यक्ष ने बताया कि आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण के कार्यो को विस्तारित करते हुए गृह निर्माण के साथ अधोसंरचना विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी मंडल को दी है। इसके लिए निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की प्रतिभागिता और अधिक बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने, ठेकेदारों से अपील किया कि मंडल ने इन हाउस योजनाएं, पीपीपी आधार पर री-डेव्हलपमेंट योजनाएं एवं बीओटी के माध्यम भी योजनाएं संचालित की जा रही है। मंडल अपनी सुदृढ़ वित्तीय स्थिति एवं तकनीकी दक्षता के साथ इन योजनाओं के कियान्वयन की महति भूमिका का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा की ठेकेदार मंडल की निर्माण एजेंसी होने के कारण उसका हिस्सा है। अतः सभी ठेकेदार इन कार्यो में अपनी सहभागिता पहले से और अधिक निभाने तैयार रहे।

# विधानसभा का घेराव करने जा रहे ठेकेदारों को पुलिस ने तूता के पास रोका, पुलिस के साथ हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जलजीवन मिशन के कार्यों का दो साल से भुगतान नहीं होने से नाराज ठेकेदार शुक्रवार को विधानसभा का घेराव करने निकले। पुलिस ने कांट्रेक्टरों को तूता के पास रोक दिया। रोके जाने से नाराज ठेकेदारों की पुलिस के साथ झूमा-झटकी हुई। इसके बाद पुलिस सभी ठेकेदारों को गिरफ्तार कर धरना स्थल ले गई।

छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला के अनुसार भुगतान नहीं होने की वजह से कई ठेकेदारों की माली हालत खराब हो गई है। आर्थिक तंगी के कारण नए काम नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण सरकार का जल जीवन मिशन का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शासन ने ताकत के बल पर विधानसभा का घेराव करने से उन्हें रोका है, परंतु अपने अधिकारों को लेकर एकजुट ठेकेदार आवाज बुलंद करते रहेंगे, जब तक कि समस्याओं का निराकरण नहीं हो जाता।

### दो दिन बाद आगे की रणनीति तय करेंगे

प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन समेत निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार, भर्राशाही और अफसरशाही चल रही है। बिलों का भुगतान रोककर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। ठेकेदारों का बकाया भुगतान नहीं होने पर आने वाले दो दिन बाद एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी सदस्यों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

**दो साल से भुगतान नहीं होने पर नाराज ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन**



### कांट्रेक्टरों की ये हैं प्रमुख मांगें

- 2200 करोड़ के लंबित पुटअप बिलों का तत्काल भुगतान
- 3000 करोड़ के आगामी बिलों के भुगतान का अग्रिम बजट की व्यवस्था
- एग्रीमेंट के अनुसार रनिंग एवं पार्ट पेमेंट तत्काल शुरू किया जाए
- 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद संपूर्ण भुगतान
- एग्रीमेंट के बाद लागू सभी अतिरिक्त नियम तत्काल समाप्त किए जाएं
- आगामी 6 माह के कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाए
- फंड के अभाव में किसी भी कार्य को प्रभावित न होने दिया जाए
- दोषी भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की जाए
- ठेकेदारों के साथ अनुबंधानुसार न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

सुर-ताल और नृत्य से शिष्य गुरु पूर्णिमा....

## लाइव इवेंट

## विशेषज्ञों ने शोध की गुणवत्ता, मौलिकता एवं सामाजिक उपयोगिता पर दिए सुझाव



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के जनसंचार शोध केंद्र द्वारा पीएचडी शोधार्थियों का प्री-सबमिशन सेमीनार आयोजित किया गया। सेमीनार में चार शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों एवं डीआरसी सदस्यों ने शोध कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्हें और अधिक प्रामाणिक, प्रभावी एवं समाजोपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान किए। सेमिनार में शोधार्थी दीक्षा देशपांडे ने बच्चों द्वारा स्मार्ट फोन पर देखी जाने वाली विषयवस्तु से उनके व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों का समीक्षात्मक अध्ययन, विनोद सावंत ने भारतीय राजमार्गों पर चलित माध्यमों से होने वाले दृश्य-संचार के विविध आयामों का समीक्षात्मक अध्ययन, विकास कुमार नेजनजातीय समुदायों में लोकसंचार परंपराओं का अध्ययन छत्तीसगढ़ की उरांव जनजाति के विशेष संदर्भ में तथा सैयद आमिर मुस्तफा हाशमी ने ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑन बेटरमेंट ऑफ सोसायटी थ्रू कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कम्युनिकेशनः छत्तीसगढ़ एंड झारखंड विषय पर अपने शोधकार्य का प्रस्तुतिकरण किया।

### शोध समिति ने की समीक्षा

इस अवसर पर विभागीय शोध समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, सदस्य डॉ. आशुतोष मंडावी एवं डॉ. नृपेंद्र कुमार शर्मा ने भी शोधार्थियों के प्रस्तुत शोध कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें आवश्यक सुधार एवं परिष्कार संबंधी सुझाव दिए। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष पंकज नयन पांडे तथा जनसंपर्क विभाग के डॉ. शैलेन्द्र खण्डेलवाल ने भी शोधार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके शोध कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए।

### शहर के नदी घाट, झरने, तालाब, बांध और हरियाली के अद्भुत नजारों के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का उठा रहे लुत्फ

# रैनी सीजन एंजॉय करने सिटी डेस्टिनेशन प्वाइंट पर उमड़ रही भीड़, फैमिली फ्रेंड्स के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे

बारिश के मौसम में भव्य जलराशि और प्रकृति की रंगबिरंगे अद्भुत नजारों का दीदार करना लोगों को खूब भा रहा है। आषाढ़ के महीने में रिमझिम बारिश के साथ आसपास के सिटी डेस्टीनेशन पर पहुंचना लोगों के लिए एडवेंचर से कम नहीं है। शहर के नदी, झरने, तालाब, बांधों और पेड़-पौधों की हरे-भरे दृश्य एकाएक हर वर्ग के लोगों के मन को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। ऐसे में शहरवासी ऑफिस दफ्तर और कामकाज से समय निकालकर सुबह और शाम के समय अपने फैमिली-फ्रेंड्स के साथ प्रकृति के नजदीक उनके विविध रंगों से रूबरू होने के एहसास को एंजॉय करने पहुंच रहे हैं।

**रायपुर।** शुक्रवार की शाम दो दिन से जारी रिमझिम बारिश में भी लोग सिटी डेस्टिनेशंस पर एंजॉय करते दिखे। शहर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव और महादेवघाट खारुन नदी पर बारिश का लुत्फ उठाने स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शाम के समय ठंडी हवाओं के बीच लोग चाय-कॉफी और भुट्टे का आनंद लेते हुए इस सुहावने मौसम को एंजॉय कर रहे हैं। महादेवघाट पर सेल्फी पॉइंट्स और बहते पानी के नजारे मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जबकि मरीन ड्राइव पर शाम की चहल-पहल और प्राकृतिक सुंदरता लोगों को आकर्षित कर रही है।

### महादेवघाट पर खारुन किनारे बिता रहे क्वालिटी टाइम

महादेवघाट पर भगवान हाटकेश्वर महादेव के दर्शन के साथ खारुन नदी की लहरों की मौज में लोग प्रकृति का आनंद उठा रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक यहां सैलानियों का तांता लगा हुआ है। यहां पर लक्ष्मण झूला और हरियाली से अच्छादित गार्डन में कृत्रिम झरने और आकर्षक मूर्तियों, झूलों और फूल-पत्तियों को लोग निहारते हुए फैमिली व फ्रेंड्स के साथ क्वालिटी टाइम बिताने सैंकड़ों की तादात में पहुंच रहे हैं। यहां पर मौसमी फलों, गर्मागर्म भुट्टे, चाट-भेल, फास्ट फूड्स का स्वाद लेते दिखते हैं।





### नया रायपुर में सेंध लेक और हरियाली का दीदार

सिटी से थोड़ी दूर नवा रायपुर में सेंध लेक की जलधारा और वहां की हरियाली शहर के युवा, फैमिली-फ्रेंड्स और बाहर से राजधानी पहुंचने वालों के लिए इन दिनों स्पॉट प्वाइंट बनी हुई है। दोपहर से शाम 4 बजे तक नवा रायपुर रैनी सीजन में आकर्षण का केंद्र बन रहा है। बरसात में नवा रायपुर की हसीन वादियों का दीदार करने लोगों की दीवानगी का ठिकाना नहीं है। बाइक, कार के माध्यम से लोग बड़ी संख्या में अपने खास डेस्टिनेशन नवा रायपुर पहुंच रहे हैं।







### मरीन ड्राइव पर सुहानी शाम का आनंद

युवाओं के पसंदीदा सिटी डेस्टिनेशंस में से एक मरीन ड्राइव पर तालाब के किनारे बड़ी संख्या में यूथ अपने फ्रेंड सर्कल्स के साथ सुहानी शाम एंजॉय करने पहुंच रहे हैं। यहां तालाब में विशाल जलराशि और पक्षियों, मछलियों का दीदार कर प्रकृति के अद्भुत नजारों से रूबरू होकर खुशी और उत्साह से सराबोर हो रहे हैं। यहां कई संगीत ग्रुप के सदस्य गीत-संगीत की मधुर तान भी छेड़ते नजर आए। आषाढ़ की रिमझिम बारिश में भुट्टे और चाय-कॉफी की चुस्कियों के साथ मौसम को जी भरकर जी रहे हैं।

## सिटी इवेंट

## '1931' की क्रांति को किया जीवंत, दर्शकों ने भी सराहा



**रायपुर।** महाकवि कालिदास जयंती पर संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "वंदेमातरम्" राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026 के अंतर्गत अंजोर लोककला मंच द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नाटक "1931" का मंचन पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर प्रेक्षागृह में किया गया। लेखक एवं निर्देशक घनश्याम साहू के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक क्रांतिकारियों शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के अदम्य साहस, त्याग, राष्ट्रप्रेम और सर्वोच्च बलिदान की गाथा को प्रभावशाली तरीके से मंच पर जीवंत किया। नाट्य मंचन ने दर्शकों के हृदय में गहरी छाप छोड़ी। देशभक्ति से ओतप्रोत संवाद, सशक्त अभिनय, भावपूर्ण संगीत और प्रभावशाली मंच संयोजन ने प्रेक्षागृह को राष्ट्रप्रेम की भावना से अभिभूत किया। कई संवादों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।




### साहस, एकता, देशभक्ति का दिया संदेश

*नाटक में जालियांवाला बाग हत्याकांड से लेकर लाला लाजपत राय की शहादत का प्रतिशोध, केंद्रीय विधानसभा में बम फेंकने की घटना, जेल संघर्ष, भूख हड़ताल तथा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के अमर बलिदान को संवेदनशील एवं प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति ने युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस, एकता, देशभक्ति का संदेश दिया। यह आयोजन संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली तथा जिला प्रशासन, राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित किया गया। नाटक में मंच के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से पात्रों को साकार कर दर्शकों को भावविभोर किया।*

## शोधार्थियों को संख्या सिद्धांत की गणितीय अवधारणा और आधुनिक क्रिप्टोग्रॉफी की दी विस्तृत जानकारी

**रायपुर।** एनआईटी में नंबर थ्योरी एंड क्रिप्टोग्रॉफीः थ्योरी, एल्गोरिथम एंड एप्लिकेशन पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। शुक्रवार को इस पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। यह आयोजन संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा गणित विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को संख्या सिद्धांत की गणितीय आधारभूत अवधारणाओं तथा आधुनिक क्रिप्टोग्रॉफी में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समापन समारोह में एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव, दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. जगदीश चंद बंसल, एनआईटी रायपुर के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र डी. लोंढे, सतत शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. सुभोजित घोष, गणित विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार सामंता, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप सिंह, संकाय सदस्य तथा देशभर से जुड़े प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला का सफल समन्वयन डॉ. बुनिल कुमार बलबंतराय (संयोजक), डॉ. शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. दीपमाला शर्मा तथा डॉ. नबीन कुमार मेहर द्वारा किया गया। डॉ. सुजीत कुमार सामंता ने क्रिप्टोग्रॉफी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए गणितीय आधार को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रतिभागियों को गणित के अंतर्विषयक अनुप्रयोगों पर निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



एनआईटी में नंबर थ्योरी एंड क्रिप्टोग्राफी ऑनलाइन कार्यशाला का समापन

### शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए किया प्रेरित

प्रो. नरेंद्र डी. लोंढे ने प्रतिभागियों को कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. जगदीश चंद बंसल ने आधुनिक तकनीकी परिदृश्य में संख्या सिद्धांत एवं क्रिप्टोग्रॉफी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को इस क्षेत्र में निरंतर अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतिभागियों के फीडबैक सत्र के उपरांत कार्यक्रम का समापन डॉ. शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जरूरतमंदों की मदद करने आज महिलाएं लगाएंगी प्रदर्शनी

**रायपुर।** मोवा स्थित कूल होम्स में शनिवार 18 जुलाई को एक दिवसीय सीता प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजिका सिनी श्रीकुमार एवं ममता टावरी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारंभ वन बंधु परिषद महिला समिति की मीडिया प्रभारी कविता राठी करेंगी। आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य घर से लघु उद्योग एवं व्यापार संचालित करने वाली महिलाओं को अपने हुनर और उत्पादों के प्रदर्शन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की सहायता एवं सामाजिक सेवा के कार्य भी किए जाते हैं। इस कारण यह आयोजन केवल व्यापार तक सीमित न रहकर समाजसेवा का भी माध्यम बन गया है। प्रदर्शनी में फैशन, साड़ियां, ड्रेस, राखियां, ज्वेलरी, मेकअप, एक्सेसरीज तथा फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक निशांत अग्रवाल एवं आभा अग्रवाल हैं।

### आईजीकेवी में विद्यार्थियों को एआई, प्रिसिजन फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स और स्टार्टअप के अवसरों की दी जानकारी

## उद्यानिकी में स्टार्टअप और तकनीक से बदल रही खेती की तस्वीर, नवाचार अपनाएं, रोजगार देने वाले उद्यमी बनें

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में उद्यानिकी एवं पुष्पकृषि में उद्यमिता विकास विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के अंतर्गत कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री (सीएचएफ), पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश के पुष्पकृषि एवं लैंडस्केपिंग विभाग के प्रोफेसर प्रो. सुनील कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने तकनीकी प्रगति, उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं तथा बाजार की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में उद्यानिकी एवं पुष्पकृषि क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक उद्यमिता संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के नेतृत्व एवं कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे की प्रेरणा से कृषि एवं संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में किया गया।





### रोजगार उपलब्ध कराने वाले उद्यमी बनने का किया आव्हान

प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि पुष्पकृषि आज एक सनराइज इंडस्ट्री के रूप में उभर रही है, जिसमें रोजगार सृजन, मूल्य संवर्धन, निर्यात संवर्धन तथा ग्रामीण युवाओं एवं कृषि उद्यमियों की आय में सतत वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने परिशुद्ध (प्रिसिजन) कृषि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित ग्रीनहाउस प्रबंधन, हाइड्रोपोनिक्स, एरोपोनिक्स, वर्टिकल फार्मिंग, संरक्षित खेती, शहरी लैंडस्केपिंग, जैव-सुदृढ़ीकरण (बायोफोर्टिफिकेशन), डिजिटल विपणन, ब्रांडिंग, अपशिष्ट से संपदा तकनीक, कटाई उपरांत प्रबंधन तथा उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार आधारित स्टार्टअप अवसरों सहित अनेक समकालीन एवं भविष्य उन्मुख विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे नवाचार, अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी आधारित उद्यमों के माध्यम से केवल रोजगार प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने वाले उद्यमी बनने का प्रयास करें।

### चुनौतियों और अवसरों पर हुई सार्थक चर्चा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय, रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैज्ञानिक व्याख्यान विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को कृषि विज्ञान के नवीनतम अनुसंधानों और तकनीकी प्रगतियों से अवगत कराने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यानिकी एवं संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध उद्यमिता के अवसरों का लाभ उठाने तथा सतत कृषि विकास के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। व्याख्यान के बाद आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रतिभागियों ने उद्यानिकी एवं पुष्पकृषि के उभरते अनुसंधान क्षेत्रों, व्यवसायीकरण की संभावनाओं तथा भविष्य की चुनौतियों एवं अवसरों पर सार्थक चर्चा की।

समाज लाइव

## समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान और ठेला गुमटी वालों को करेंगे निशुल्क छतरी वितरण



**रायपुर।** सिविल लाइंस की पूज्य सिंधी पंचायत कार्यकारिणी की बैठक में शुक्रवार को समाजहित एवं जनसेवा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पंचायत द्वारा निर्णय लिया गया कि समाज के मेधावी एवं प्रतिभावान बच्चों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं, ठेला एवं गुमटी संचालकों को निशुल्क छतरियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत ग्राम गोंदवारा, अम्लेश्वर एवं भाटा में सुरक्षित स्थानों का चयन कर वृक्षारोपण किया जाएगा तथा पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी पंचायत द्वारा निभाई जाएगी।

### समाजसेवा पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अध्यक्ष संजय जयसिंग एवं महासचिव मोहन वल्र्याणी ने कहा कि पंचायत समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, संस्कृति एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करती रहेगी तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सेवा कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेगी। बैठक में जय आर्य, दीपक खेमानी, सुशील दरीरा, विशाल नारंग, पप्पू दुल्हानी, शैलेंद्र नेनानी, राजेश गिदवानी, कमल वाधवा, नरेश पिंजानी, संजय माखीजा, धनेश मटलानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

## जोन इवेंट 'प्यार का नगमा' में सहभागी होंगे 40 कपल्स

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर नोबल द्वारा 19 जुलाई को ज़ोन इवेंट "प्यार का नगमा" का भव्य आयोजन वीआईपी रोड स्थित मधुबन फार्म हाउस में किया जाएगा। "प्यार का नग़मा" वर्ष 2012 से जेसीआई जोन स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला एक प्रशिक्षण पर आधारित प्रोग्राम है। इस वर्ष कार्यशाला में छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के विभिन्न शहरों एवं जेसीआई लोकल ऑर्गेनाइजेशन्स से चयनित 40 दंपत्ति (कपल्स) सहभागिता निभाएंगे। प्रतिभागियों का चयन पायलट फैकल्टी द्वारा किया जाता है, जिससे कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बनी रहे। यह विशेष आयोजन दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास, संवाद, सम्मान एवं आपसी समझ को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतिभागियों को वैवाहिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक एवं प्रेरणादायी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### गेम्स, विशेष कपल अवॉर्ड्स एवं सम्मान

कार्यशाला के पायलट फैकल्टी राजेश अग्रवाल होंगे। वे अपने अनुभव एवं प्रभावशाली प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को सफल एवं सुखद वैवाहिक जीवन के महत्वपूर्ण सूत्र प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के साथ-साथ कपल एंगेजमेंट एक्टिविटीज, मनोरंजक गेम्स, विशेष कपल अवॉर्ड्स एवं सम्मान समारोह प्रमुख आकर्षण रहेंगे। सुलभा पांडे, गरिमा गुप्ता और नीतू अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। साथ ही प्रोग्राम और सत्र के बीच व्यवस्था बनाने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है।

धर्म लाइव

## सांई शेहरा वाले के आगमन पर सिंधुजनों ने किया स्वागत



**रायपुर।** सिंधी समाज द्वारा मनाए जा रहे चालीहा महोत्सव के दौरान अहमदाबाद के सांईं शेहरा वाले का शुक्रवार को नगर आगमन हुआ। इस दौरान सिंधी समाज के सदस्यों ने साईं शेहरा वाले का भव्य स्वागत किया। सेवादार महेश रोहरा, मुकेश थवानी, सुभाष बजाज व तनेश आहूजा ने बताया कि समाज के लोगों द्वारा किए गए स्वागत के बाद सांईजी ने तेलीबांधा में आस की मटकी का वितरण किया। उन्होंने बताया कि इसमें जल भरकर 40 दिनों तक विधि-विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। अपने सत्संग में बताया कि भगवान झूलेलाल का अवतरण मानव सेवा और जीवों का कल्याण करने के लिए हुआ, इसीलिए अगर आपको भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करना है तो मूक जीवों की सेवा तथा मानव सेवा को ही एकमात्र लक्ष्य बनाकर रखें।

### चालीहा महोत्सव में जो मन्नत मांगेंगे, पूरी होगी

भगवान झूलेलाल को प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका चालीसा महोत्सव है। इस दौरान किए जा रहा व्रत और उपवास चालीहा महोत्सव में जो भी मन्नत मांगेंगे, वह पूरी होगी, क्योंकि भगवान झूलेलाल 40 दिन के जप-तप के बाद प्रसन्न हुए और अवतार लिया तो आपके जीवन में भी जो दुख है, वह 40 दिन के व्रत-उपवास के बाद अवश्य दूर होंगे। साथ ही सेवा को भी अपने जीवन में उतारें तथा गरीबों और दीन-दुखियों की सेवा करें। मूक जानवरों और गोमाता की सेवा जरूर करनी चाहिए ,इससे भगवान झूलेलाल प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद जीवन में प्राप्त होता है।

● गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने संगीत कॉलेजों में तैयारी शुरू, प्रोग्राम के लिए प्लानिंग के अनुरूप अभ्यास

# सुर-ताल और नृत्य से शिष्य गुरु पूर्णिमा पर सजाएंगे संगीत की महफिल, गुरु पूजन के बाद उपहार देकर करेंगे सम्मानित

'गुरु और शिष्य के मधुर प्रेम के पर्व गुरु पूर्णिमा को इस बार भी यादगार बनाने की तैयारी शिष्यों ने शुरू कर दी है। स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पर अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले गुरुओं को समर्पित पवित्र पर्व है। इस साल यह पर्व 29 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के संगीत कॉलेजों में सुर, ताल से नृत्य को साधने वाले शिष्यों द्वारा गुरुओं के सम्मान में संगीत की महफिल सजाने के लिए अभ्यास का सिलसिला शुरू किया है। वहीं इस बार स्कूलों में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा तिथि कुछ दिन शेष रहते बनाई जाएगी। गुरुओं को गिफ्ट देने के साथ उनका सम्मान भी किया जाएगा।'




### श्रीराम संगीत कॉलेज में भी देंगे प्रस्तुति

श्रीराम संगीत कॉलेज बूढ़ापारा में छात्र-छात्राओं ने गुरुओं के सम्मान में होने वाले आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू किया है। कालेज के दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि गुरु पूजन, वंदन के बाद संगीत की अलग-अलग विधा से जुड़े शिष्य इस बार भी गुरुओं के सम्मान में संगीत संध्या करने अभ्यास शुरू किया है। अलग-अलग विधा से जुड़े शिष्यों ने टीम बनाकर प्रस्तुति देने के लिए श्रृंखला में विविधता के लिए गायन, वादन और नृत्यों की प्रस्तुति देने के लिए प्रयास शुरू किया है। सदियों पुरानी गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करने के लिए प्रतिभागियों ने शेड्यूल तय किया है।



**रायपुर।** प्रतिवर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को पर्व मनाया जाता है। यह दिन न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने है, बल्कि इसका आध्यात्मिक साधना और गुरु-शिष्य परंपरा के नवीनीकरण का प्रतीक भी माना जाता है। प्रसिद्ध तबला वादक विश्वनाथ सिंह ने बताया कि कमला देवी संगीत कालेज में अलग-अलग विधा से जुड़े छात्र-छात्राओं ने गुरु पूर्णिमा उत्सव के लिए प्रोग्राम तय करने के साथ अभ्यास करना शुरू किया है। कोर्स की तालिम लेने के बाद गुरु पूर्णामा उत्सव को यादगार बनाने के लिए प्रयास तेज किया है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. आरती सिंह ने बताया कि गायन, वादन और नृत्य से जुड़े प्रतिभागियों ने प्रत्येक विधा से दो प्रोग्राम तय किए हैं। गुरुओं के सम्मान में संगीत संध्या की कड़ी में गीत-संगीत की महफिल सजाने की तैयारी है।उन्होंने बताया कि यह दिन महान ऋषि और सनातन धर्म के आदि-गुरु वेद व्यास को समर्पित है, जिन्हें चारों वेदों का वर्गीकरण करने, महाभारत और अठारह पुराणों की रचना करने का श्रेय प्राप्त है।





### गायन, वादन से विद्यार्थी सजाएंगे मंच

प्राचार्य डॉ. सिंह ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं प्रतिवर्ष गायन-वादन एवं नृत्यों की प्रस्तुति देने के लिए मंच सजाते हैं। इस बार हर विधा के पारंगत कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सभी वर्ग के प्रतिभागी मिलकर 6 से 8 प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही गुरुओं का गिफ्ट और सम्मान भी दिया जाता है। इसमें कॉलेज के वरिष्ठ गुरुओं को शामिल किया जाता है। इससे पहले गुरु वंदन, पूजन के साथ ही स्वागत गीत भी गाए जाते हैं। परंपरा का निर्वहन करने के लिए कला साधकों ने तैयारी शुरू की है। इस बार भी सुबह से दोपहर तक गीत-संगीत से शिष्य गुरुओं का सम्मान करेंगे।

## त्योहारों का आगाज, पूजा घरों के लिए शिवजी और श्रीकृष्ण की कलाकृतियों की बढ़ी डिमांड





**रायपुर।** सावन के पवित्र महीने में पूजा घरों को सजाने के लिए शिव-कृष्ण कलाकृतियों मूर्तियों, पेंटिंग्स और वॉल म्यूरल की डिमांड बढ़ गई है। त्योहारी सीजन में शिवरात्रि, जन्माष्टमी, हरेली, पोला-तीजा, रक्षाबंधन जैसे अवसरों के लिए लोग घर के पूजा स्थलों को आकर्षक और दिव्य रूप दे रहे हैं। इसके लिए इंटीरियर डिजाइनर्स के मुताबिक, पूजा घरों को डेकोरेट करने का चलन है। शहर के जाने-माने इंटीरियर डिजाइनर अनुराग चौधरी ने बताया कि लोग अपने पूजा घरों को सजाने के लिए मेटल, रेजीन और संगमरमर से बनी प्रीमियम और पारंपरिक वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। सावन की सजावट के लिए ट्रेंड करने वाली प्रमुख कलाकृतियों और विकल्पों में संगमरमर और रेजीन से बने शिव, पार्वती, गणेश और नंदी की कलात्मक कलाकृति शोपीस की मांग है। इसमें आदियोगी प्रतिमा, जिसमें ध्यान मुद्रा में बैठे आदियोगी की मैट-फिनिश वाली छोटी और बड़ी मूर्तियां पूजा घर और ध्यान कक्ष के लिए बहुत लोकप्रिय हैं। वॉल म्यूरल और पोस्टर में सावन के माहौल को जीवंत करने के लिए शिवजी के रौद्र और शांत रूपों को दर्शाती 3-डी वॉल म्यूरल या कैनवास पेंटिंग्स की काफी मांग है। वहीं भगवान कृष्ण की कलाकृतियां पिचवई और तंजौर कला दीवारों और पूजा के बैकड्रॉप को सजाने के लिए बांसुरी बजाते कृष्ण, मोर और गायों को

### जन्माष्टमी के लिए 3-डी लेयर्ड कला में गोवर्धन लीला

3-डी वॉल म्यूरल, कैनवास पेंटिंग्स, मूर्तियां और तोरण-झालर से मंदिरों की डेकोरेशन

पूजा घर डेकोरेट कर रहे इंटीरियर डिजाइनर आयुष मिश्रा ने बताया कि 3-डी लेयर्ड कला के माध्यम से गोवर्धन लीला को दर्शाने वाले 3-डी मल्टी-लेयर्ड डेकोरेटिव पैनल्स पूजा घर के मुख्य आकर्षण बन रहे हैं। श्रृंगार एक्सेसरीज में कान्हा को समर्पित डिजाइनर सिंहासन, पालने और मखमली पोशाक, स्थानीय रुझान और खरीदारी के विकल्प भक्त सावन में पूजा घरों को प्राकृतिक रूप देने के लिए इन कलाकृतियों के साथ आर्टिफिशियल फूलों से बने तोरण, झालरों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए लोग अपने पूजा घरों की विशेष साज-सज्जा में जुट जाते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से फूलों की झालरों, बेलपत्र, शिवजी के पसंदीदा रंगों सफेद, हरा, पीला और प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग कर मंदिर को सावन के अनुकूल रूप दे रहे हैं।

## दादाबाड़ी में चातुर्मास का शुभारंभ 25 जुलाई से, 19 को निकलेगा भव्य वरघोड़ा

**रायपुर।** श्री धर्मनाथ जिनालय एवं श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी तीर्थ में इस वर्ष 'आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026' का आयोजन विशेष आध्यात्मिक एवं संस्कारमयी थीम के साथ किया जाएगा। प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी महाराज साहिबा की विदूषी शिष्या एवं प्रवचन प्रभाविका मंजुला श्रीजी महाराज साहिबा के सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस चातुर्मास का मुख्य उद्देश्य बच्चों में धार्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों का बीजारोपण करना है। आयोजन समिति के अनुसार, 19 जुलाई रविवार सुबह 8 बजे मंजुला श्रीजी , मृदुयशा श्रीजी, सम्यग्निधि श्रीजी एवं सम्यग्प्रज्ञा श्रीजी का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश होगा। प्रवेश यात्रा श्री ऋषभदेव मंदिर, सदर बाजार से प्रारंभ होकर एमजी रोड एवं जयस्तंभ चौक होते हुए श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी पहुंचेगी। कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी किया जाएगा। इसके बाद 25 जुलाई से चातुर्मास की नियमित धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां प्रारंभ होंगी।

### बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएंगे

श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि इस वर्ष चातुर्मास की सबसे बड़ी विशेषता 'बाल संस्कार अभियान' रहेगा। प्रत्येक रविवार को विशेष संस्कार शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों को अष्टप्रकारी पूजन के माध्यम से परमात्मा की पूजा-विधि सिखाई जाएगी। साथ ही उन्हें दैनिक धार्मिक दिनचर्या, माता-पिता व गुरु वंदन, पूजन एवं सदाचार अपनाने के लिए नियमावली पत्रक दिए जाएंगे। निर्धारित नियमों का पालन करने वाले बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। समिति का उद्देश्य नई पीढ़ी को धर्म, संस्कार और भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। चातुर्मास के सफल संचालन के लिए गठित 'आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026' आयोजन समिति में बसंत लोढ़ा को अध्यक्ष, धर्मराज बेगानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रशांत लूनिया एवं कमलेश चौपड़ा को उपाध्यक्ष, मुकेश निम्माणी को महासचिव, चिंतन मालू को कोषाध्यक्ष तथा अभिषेक गोलछा और मानस कोचर को सहसचिव बनाया गया है। वहीं निलेश गोलछा को प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



साध्वी मंडल का होगा मंगल प्रवेश

भगवान जगन्नाथ नौ दिन मौसी के घर करेंगे विश्राम

# मौसी गुंडिचा के घर पहुंचे प्रभु जगन्नाथ दर्शन और आरती के लिए उमड़े श्रद्धालु

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** प्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की आस्था का रंग अब मौसी रानी गुंडिचा के घर में भी चढ़ने लगा है। टूरीहटरी, सदर बाजार, बढ़ईपारा एवं लिली चौक सहित सभी आयोजकों द्वारा जिस स्थान पर गुरुवार की शाम रथयात्रा को विश्राम दिया, उसे गुंडिचा का घर मान्यता के तहत तय किया। श्री जगन्नाथ सेवा समिति ने गायत्री नगर के आयोजन की परंपरा की अगली कड़ी में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा के उपरांत महाप्रभु विश्राम करने मौसी के घर पहुंचे। जगन्नाथ प्रभु भक्तों का स्नेह स्वीकार करते हुए नौ दिनों तक मौसी माता के घर विराजमान रहते हैं। इस अवधि में श्रद्धालुओं को भगवान के निकट दर्शन का दुर्लभ अवसर प्राप्त होता है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने एवं आरती में शामिल होने शुक्रवार को आरती के अवसर पर पहुंचे।



### समानता और लोकमंगल का महापर्व


श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा समरसता, सेवा, समानता और लोकमंगल का महापर्व है। महाप्रभु का मौसी के घर आगमन यह संदेश देता है कि भगवान अपने प्रत्येक भक्त के घर और हृदय में समान भाव से विराजमान होते हैं। महाआरती में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम सपरिवार, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रोहित साहू, चैतराम अटामी, अनुज शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सपरिवार शामिल हुए

### अतिथियों का समिति ने किया स्वागत

पूर्व पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी, रायपुर पुलिस आयुक्त संजीव शुक्ला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम, प्रांत प्रचारक टोपलाल वर्मा ने दर्शन प्राप्त किए। भगवान की आस्था में रमे सैकड़ों भक्तों ने सुबह और शाम को की गई आरती में भाग लिया। समिति द्वारा सभी अतिथियों का भगवान श्री जगन्नाथ का स्मृति प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट करके आत्मीय स्वागत किया गया। श्री जगन्नाथ सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आगामी बाहुड़ा यात्रा एवं इस धार्मिक उत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। आयोजनों में भी अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने का आग्रह किया।

## हेल्थ टिप्स

### तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से पहले जान लीजिए सही तरीका



हमारे भारतीय घरों में सेहतमंद रहने के लिए कई बातों को फॉलो किया जाता है। खान-पान से लेकर सोने-जागने के समय तक कई ऐसी बाते हैं, जिन्हें अगर आप सही तरीके से फॉलो करें, तो बीमारियां आपसे कोसो दूर रहेंगी। आपने घर में बुजुर्गों में खाली पेट गुनगुना पानी पीते, नीम की दातुन से दांत साफ करते, सुबह उठकर ध्यान करते और मौसम के हिसाब से खान-पान में बदलाव करते देखा होगा। असल में इन बातों में ही हेल्दी रहने का राज छिपा है। काफी घरों में लोग तांबे के बर्तन में रखकर पानी पीते हैं। बेशक तांबे के बर्तन में रखा पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन, क्या आपको पता है कि तांबे के बर्तन में पानी कितनी देर रखना चाहिए और इसका सही तरीका क्या है? इस बारे में हैदराबाद के फिजिशियन डॉ. रंगा संतोष कुमार ने विस्तार से बताया।

#### तांबे के बर्तन में पानी रखने का सही तरीका क्या है?



एक्सपर्ट का कहना है कि तांबे के बर्तन में पानी रखकर पीना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन, इससे फायदा पाने के लिए आपको यह पता होना जरूरी है कि इसका सही तरीका क्या है। तांबे के बर्तन में पानी रखकर पीना भारतीय घरों में लंबे वक्त से किया जा रहा है। आपको पानी को तांबे के बर्तन में रूम टेम्परेचर पर 6-8 घंटे या रातभर रखना चाहिए। इससे कॉपर के एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पानी में मिल जाते हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि इन गुणों के कारण, यह आपकी इम्यूनिटी, स्किन हेल्थ और डाइजेशन को सुधार सकता है। अगर आप जंग लगे तांबे के बर्तन का इस्तेमाल करेंगी या इसमें पानी को लंबे समय तक छोड़ देंगी, तो इससे तांबे की विषाक्तता हो सकती है। वहीं, अगर आप बहुत कम देर के लिए पानी में तांबे के बर्तन में रखेंगी, तो इससे शरीर को फायदा नहीं मिलेगा।

अधिक देर तांबे के बर्तन में रखे पानी को पीने से मतली, पेट दर्द और गंभीर स्थितियों में किडनी या लिवर को नुकसान हो सकता है। गर्मी और एसिडिटी, तांबे के रिसाव को सही सीमा से ज्यादा बढ़ा सकती है। इसलिए हमेशा साफ और अच्छी तरह से रखे गए तांबे के बर्तन का इस्तेमाल करें। इसमें गर्म पानी या एसिड वाली कोई चीज न रखें। अगर आप तीन महीने तक लगातार तांबे के बर्तन में रखा पानी पी रही हैं, तो इसके बाद कुछ वक्त के लिए ब्रेक लें। दिन में 2-3 गिलास से ज्यादा कॉपर इंफ्यूज्ड वॉटरनहीं पीना चाहिए।

#### क्या है कॉपर चार्ज्ड वॉटर

तांबे के बर्तन या बोतल में पानी भरकर उसे



आठ घंटे के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को पिएं। इस प्रक्रिया को ऑलिगोडायनेमिक इफेक्ट कहते हैं, जिसमें तांबे के गुण पानी में मिल जाते हैं। यही पानी ताम्र जल या कॉपर चार्ज्ड वॉटर कहलाता है। तांबा पानी में मौजूद कई प्रकार के बैक्टीरिया का ख़ात्मा कर उसका शुद्धीकरण करता है। पानी को बारह घंटे से ज़्यादा ना रखें। कितना पिएं आयुर्वेद के अनुसार, ताम्र जल सुबह ख़ाली पेट पीना चाहिए। एक दिन में दो गिलास ताम्र जल पीना पर्याप्त है। इस जल को पीने की शर्त है कि पेट ख़ाली होना चाहिए। लगातार पंद्रह दिन नियमित रूप से तांबे के बर्तन का पानी पीने के बाद दो-तीन दिन इससे ब्रेक लें। इस दौरान शरीर में अतिरिक्त तांबे की मात्रा व अन्य टॉक्सिन बाहर निकल आएंगे।

#### ये सावधानियां ज़रूरी

तांबे की बोतल या बर्तन ख़रीदते समय ध्यान रखें कि ये सर्टिफिकेट के साथ लिए जाएं। ये पूरी तरह तांबे के ही होने चाहिए, किसी अन्य धातु के मिश्रण से बने हुए ना हों। नए बर्तन को नींबू के पानी से धोएं, फिर इस्तेमाल करें। बोतल या बर्तन को भरने से पहले उसे रोज़ अच्छी तरह साफ़ करें। पुराने पानी को ख़ाली करने के बाद नया पानी भरें। तांबे के बर्तन में रखा पानी या बोतल कभी रेफ्रिजरेटर में नहीं रखें। तांबे के बर्तन का पानी किसी अन्य धातु में ख़ाली न करें। उसे तांबे के बर्तन या बोतल से ही पिएं। कांच के गिलास में पी सकते हैं। यदि गरम या गुनगुना पानी पीने की आदत है तो तांबे के बर्तन को ही गैस पर चढ़ाएं।

बदल रही है भविष्य की हेल्थ स्क्रीनिंग

# खून की एक बूंद खोलेगी सेहत के कई राज, मिनटों में डायबिटीज-कैंसर जैसी बीमारियों का चल जाएगा पता

ग्लूकोज कीटोन इंडेक्स (जीकेआई) टेस्ट शरीर में मौजूद ब्लड शुगर और कीटोन के स्तर को देखकर यह समझने की कोशिश करता है कि आपका मेटाबॉलिज्म कितना स्वस्थ है? शोधकर्ताओं का मानना है कि ये भविष्य में कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का शुरुआती संकेत बन सकती है।


ब्लड शुगर की जांच के लिए ग्लूकोमीटर को सबसे आसान उपकरण माना जाता रहा है। इसके स्ट्रिप पर उंगली से एक बूंद खून लगाते ही कुछ सेकेंड्स में ही पता चल जाता है कि आपका शुगर लेवल बढ़ा तो नहीं है? कितना अच्छा हो अगर इसी तरह से आपको मिनटों में कैंसर, हार्ट डिजीज, अल्जाइर और पार्किंसंस रोगों के खतरे का पता चल जाए?

अस्पताल में लंबी-लंबी जांचों, महंगे स्कैन या दर्जनों ब्लड टेस्ट की जगह डॉक्टर आपकी उंगली में हल्की-सी सुई चुभोएं, खून की सिर्फ एक बूंद लें और उसी से यह अंदाजा लगाने लगें कि आने वाले वर्षों में आपको कैंसर, हार्ट डिजीज, टाइप-2 डायबिटीज या मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कितना है? सुनने में थोड़ा असंभव सा लग सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य की हेल्थ स्क्रीनिंग कुछ ऐसी ही होने वाली है।



एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने ग्लूकोज कीटोन इंडेक्स (जीकेआई) टेस्ट के बारे में जानकारी दी है। यह टेस्ट ब्लड शुगर और कीटोन के लेवल की रीडिंग करके बताता है कि आपका मेटाबॉलिज्म कितना स्वस्थ है? यानी आपका शरीर ऊर्जा बनाने के लिए भोजन का इस्तेमाल सही तरीके से कर रहा है या नहीं? शोधकर्ताओं का मानना है कि ये जानकारी भविष्य में कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का शुरुआती संकेत बन सकती है।

गौरतलब है कि दुनियाभर में होने वाली हर 10 में से लगभग 7-8 मौतें नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के कारण होती हैं। ये बीमारियां एक से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलतीं, बल्कि धीरे-धीरे शरीर को अंदर से नुकसान पहुंचाती रहती हैं। कैंसर, दिल की बीमारी, डायबिटीज, मोटापा और दिमाग से जुड़ी कई गंभीर बीमारियां इनका उदाहरण हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इनका पता अक्सर तब चलता है, जब बीमारी काफी आगे बढ़ चुकी होती है।



ऐसे में अगर कोई आसान, सस्ता और जल्दी होने वाला टेस्ट पहले ही खतरे का संकेत दे दे, तो समय रहते खानपान, लाइफस्टाइल और इलाज के जरिए बीमारी को टालने या उसके असर को कम करने का मौका मिल सकता है। माना जा रहा है कि जीकेआई टेस्ट इस दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकती है।

### ग्लूकोज कीटोन इंडेक्स (जीकेआई) टेस्ट बताएगी बीमारियों का खतरा

अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने बताया कि उंगली में एक छोटी-सी सुई चुभाकर निकाले गए खून की बूंद से किया जाने वाला एक साधारण टेस्ट बीमारियों का पहले ही पता लगाने में बहुत मददगार हो सकती है।

अगर खून में मौजूद शुगर (ग्लूकोज) और कीटोन का अनुपात देखा जाए, तो इससे यह पता लगाया जा सकता है कि किसी व्यक्ति को आगे चलकर कैंसर, हृदय




रोग, टाइप-2 डायबिटीज और मोटापे जैसी बीमारियां होने का खतरा कितना है?

इतना ही नहीं, यह टेस्ट न्यूरोडीजेनेरेटिव यानी उन बीमारियों के जोखिम भी बता सकता है जो धीरे-धीरे दिमाग और नसों को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे अल्जाइमर, पार्किंसन, हंटिंगटन डिजीज और मल्टीपल स्क्लेरोसिस (नसों को नुकसान पहुंचाने वाली बीमारी) का भी पता लगाया जा सकता है।

### कैसे काम करती है ये जांच?

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में होने वाली कुल मौतों में लगभग 75% मौतें नॉन कम्युनिकेबल डिजीज की वजह से होती हैं। साल 2050 तक ये बीमारियां दुनिया पर सबसे बड़ा स्वास्थ्य बोझ बन सकती हैं और इनके संक्रामक बीमारियों से भी आगे निकलने का अनुमान है।



# मेंटल स्ट्रेस बन रहा है इम्यूनिटी का दुश्मन

आज के समय में अधिकतर लोग स्ट्रेस से हमेशा जूझते रहते हैं। लेकिन इसकी वजह से आपकी इम्यूनिटी पर बुरा असर पड़ सकता है। जानिए स्ट्रेस और इम्यूनिटी का आपस में क्या संबंध है।

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जो बार-बार बीमार पड़ते हैं। खासतौर से, किसी जरूरी मीटिंग, फंक्शन या एग्ज़ाम से ठीक पहले ही उनकी तबियत बिगड़ जाती है। अगर आपके साथ बार-बार ऐसा हो रहा है तो यह कोई इत्तेफाक़ नहीं है। बल्कि यह आपका मेंटल स्ट्रेस है, जो आपकी इम्यूनिटी और बॉडी पर असर डाल रहा है। दरअसल, जब शरीर में स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल रिलीज़ होते हैं और अगर लगातार ऐसा होता है तो इससे यह स्ट्रेस हार्मोन इम्यूनिटी को कमजोर करने लगता है। जब शरीर की इम्यूनिटी कमजोर होती है तो ऐसे में उसका इंफेक्शन से लड़ने की शक्ति कम हो जाती है। इतना ही नहीं, इम्यूनिटी कमजोर होने पर रिकवरी भी स्लो हो जाती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि जब मेंटल स्ट्रेस बहुत ज्यादा बढ़ जाता है तो सबसे पहले इम्यूनिटी ही इसकी मार झेलती है।

लेकिन क्या आप जानती हैं कि इन दोनों का आपस में क्या कनेक्शन है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको बता रही हैं कि मेंटल स्ट्रेस किस तरह आपकी इम्यूनिटी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है-

### व्हाइट ब्लड सेल्स को कम करता है स्ट्रेस

स्ट्रेस हमारे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को कमजोर करता है। दरअसल, हमारे शरीर में लिम्फोसाइट्स नाम के व्हाइट ब्लड सेल्स होते हैं, जो बीमारियों से लड़ते हैं। लेकिन स्ट्रेस इन्हें कम कर देता है। जिसकी वजह से व्यक्ति बार-बार बीमार पड़ता है। ग्लेसर और किकोल्ट-ग्लेसर (2005) की एक स्टडी में बताया कि स्ट्रेस से नेचुरल किलर और टी-सेल्स भी कम हो जाते हैं।

### बॉडी में बढ़ जाती है इंफ्लेमेशन

जब आपका मेंटल स्ट्रेस बढ़ने लगता है तो इससे शरीर अलर्ट मोड में चला जाता है। जिसकी वजह से शरीर ऐसे केमिकल रिलीज़ करता है जो इंफ्लेमेशन को बढ़ाता है। ऐसे में इम्यूनिटी और भी ज्याद कमजोर हो जाती है। सेगरस्ट्रॉम और मिलर ने 2004 की एक स्टडी में बताया कि लंबे समय तक स्ट्रेस से बॉडी में इंफ्लेमेशन बढ़ जाती है और इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है।

# इलेक्ट्रिक केटल में बनाई जा सकती हैं आसान सी रेसिपीज

अगर आप इलेक्ट्रिक केटल में अब तक पानी गर्म करती आई हैं तो अब इसमें यह रेसिपीज ट्राई करें। हो सकता है कि आपको सुनने में थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह सच है। कई ईजी रेसिपीज को केवल इलेक्ट्रिक केटल की मदद से बनाया जा सकता है।

### इंस्टेंट नूडल्स

एक इलेक्ट्रिक केटल 1 कप पानी डालें और इसे चालू कर दें। पानी में उबाल आने के बाद इसमें मैगी को तोड़कर और साथ में टेस्टमेकर डाल दीजिए। अब इसे मिक्स करें और इलेक्ट्रिक केटल को फिर से ऑन करें। नूडल्स को कुछ मिनट तक पकाएं ताकि यह अच्छी तरह तैयार हो जाएं। बस आपके गरमा-गरम इंस्टेंट



नूडल्स बनकर तैयार है। अगर आप चाहें तो पानी के उबलने के बाद इसमें कटी हुई सब्जियां भी डाल सकते हैं। यह पानी में ब्लॉन्च हो जाएंगी। वहीं अगर आपको सूपी नूल्डल पसंद हैं तो आप इसमें थोड़ा अतिरिक्त पानी डालिए।

### बनाएं ओट्स

इलेक्ट्रिक केटल में ओट्स आसानी से बनाए जा सकते हैं। इसके लिए, आप एक इलेक्ट्रिक केटल में अपनी पसंद के अनुसार एक कप पानी या दूध डालें। अब इसे आधा कप ओट्स डालकर मिक्स कर लें। आप इसमें खजूर के बीज निकालकर भी डालें ताकि ओट्स थोड़े मीठे हो जाएं। अब ओट्स को 6-8 मिनट तक या पूरी तरह से कुक हो जाने तक पकाएं।

# व्रत के स्नैक्स, दस मिनट में हो जाएंगे तैयार

सावन का महीना 30 जुलाई से शुरू होने वाला है और इस दौरान व्रत में अन्न नहीं खाया जाता है। व्रत में फलाहार व सात्विक भोजन का सेवन होता है। व्रत के दौरान हल्की-हल्की भूख लगना भी सामान्य है। ऐसे में कुछ ऐसी फलाहारी रेसिपी बनाएं जो झटपट तैयार हो जाती हों और जिसे बनाने में बहुत अधिक सामग्री की भी जरूरत न हो। फलाहारी व्रत के स्नैक्स में कई विकल्प हैं जो पौष्टिक, झटपट वाले और कम सामग्री में तैयार हो जाते हैं।



### रोस्टेड मखाना

व्रत के स्नैक्स में सबसे आसानी से रोस्टेड मखाना बना सकते हैं। इसके लिए घी में मखाने को सुनहरा होने तक भूनें। जब वह क्रिस्पी हो जाए तो उसमें सेंधा नमक मिला सकते हैं। सिर्फ मखाने और सेंधा नमक को मिलाकर आप फलाहारी कुरकुरी नमकीन बना सकते हैं। जिसे एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करके आप हफ्तेभर तक खा सकते हैं। ये जल्दी बन जाने वाली रेसिपी है और भूख को नियंत्रित रखने के साथ ही एनर्जी बढ़ाती है।

### फलाहारी पनीर टिक्का

पनीर में प्रोटीन होता है, कैल्शियम और विटामिन बी 12 जैसे पोषक तत्व होते हैं। उपवास के दौरान पनीर का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए पनीर को मोटे टुकड़ों में काटकर सेंधा नमक मिलाएं। फिर तवे पर घी डालकर सेंक लें। पनीर बाहर से क्रिस्पी और अंदर से हल्के सॉफ्ट बन जाएंगे। भुना पिसा जीरा, अमचूर पाउडर या व्रत में आप जिन मसालों का सेवन करते हैं, ऊपर से स्प्रिंकलर करके व्रत में खा सकते हैं। इसे दो तीन दिन स्टोर करने के लिए पनीर को शाँटे करके एयरटाइट डिब्बे में रखें।


### कुट्टू चिप्स

कुट्टू की पूड़ी और परांठे तो खाए होंगे लेकिन कुट्टू चिप्स भी काफी स्वादिष्ट लगता है। कूट्टू के आटे में थोड़ा पानी और नमक मिलाकर सख्त आता गूंथ दें। छोटी-छोटी पूरियां बेलें, कांटे से उसमें छेद करके धीमी आंच पर तलें। ये चिप्स जैसे बन जाएंगे , जिसे दो तीन दिन स्टोर कर सकते हैं।

### केला नारियल रोल्स

कुछ मीठा खाने की क्रेविंग हो तो केले से हेल्दी स्नैक्स बना सकते हैं। इसके लिए पके हुए केले को शहर में डालकर मैश करें। इसे नारियल के बुरादे में रोल करें और तैयार हैं हेल्दी रोल्स, जिन्हें आप तीन से चार दिन स्टोर कर सकते हैं।









लाइफ स्टाइल

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द ओडिसी' के लिए लोगों में जबरदस्त क्रेज, फिल्म देखने मेलबर्न पहुंच रहे कई फैंस



क्रिस्टोफर नोलन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द ओडिसी' 18 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज को तैयार है। हालांकि, भारत में यह फिल्म में यह फिल्म एक दिन पहले ही रिलीज हो जाएगी। क्रिस्टोफर नोलन की बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म को लेकर भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यही कारण है कि फिल्म के लिए सैकड़ों फैंस ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के लिए लंबी दूरी की फ्लाइट ले रहे हैं। इसके पीछे वजह है आईमैक्स 1570 फॉर्मेट में 'द ओडिसी' देखना। यह एक ऐसा फॉर्मेट जिसे प्रमोट करने में क्रिस्टोफर नोलन ने कई साल लगाए हैं। कुछ लोग जर्मनी, तुर्की, सिंगापुर और मलेशिया से आ रहे हैं। तो कुछ ऑस्ट्रेलिया के दूसरे हिस्सों या यहां तक कि अमेरिका से भी सफर कर रहे हैं। दरअसल, दुनिया में सिर्फ 41 सिनेमा हॉल ऐसे हैं, जो आईमैक्स 1570 में फिल्म दिखा सकते हैं।

हालांकि, भारत में एक भी नहीं है। इनमें से सिर्फ सात नॉर्थ अमेरिका के बाहर हैं। इन्हीं में से एक है आईमैक्स मेलबर्न, जो साउदर्न हेमिस्फीयर का एकमात्र ऐसा सिनेमा हॉल है, जहां 'द ओडिसी' को 1570 फिल्म प्रिंट में दिखाया जा रहा है। इसी खासियत ने इस थिएटर को फैंस के लिए एक ग्लोबल डेस्टिनेशन बना दिया है। नोलन के लिए यह फॉर्मेट कभी भी मार्केटिंग का कोई हथकंडा नहीं रहा है। आईमैक्स 1570 जिसका नाम इसके 70 एमएम फिल्म स्टॉक और प्रति फ्रेम 15 परफोरेशन (छेद) के आधार पर रखा गया है। यह सबसे हाई-रिजॉल्यूशन वाली सिनेमाई तस्वीरें दिखाता है।

यह तकनीक मुश्किल भी है, महंगी भी और अब बहुत कम

### टॉलीवुड


## 'तबाही' गाने में कियारा की आलोचना और यश की तारीफ पर भड़के लोग



'टॉक्सिक' के 'तबाही' गाने में अधिक बोल्ड सीन को लेकर कई लोग कियारा आडवाणी को निशाना बना रहे हैं। अब फिल्म से जुड़े एक एक्टर ने ट्रोलर्स को लताड़ लगाई है। यश की टॉक्सिक लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। कियारा आडवाणी और यश पर फिल्माया गया गाना 'तबाही' अपने बोल्ड सीन की वजह से आलोचनाओं का भी शिकार हुआ। अब फिल्म में नजर आने वाले ब्रिटिश एक्टर बेनेडिक्ट गैरेट ने उन ट्रोलर्स की आलोचना की, जिन्होंने 'तबाही' गाने को लेकर कियारा आडवाणी की बुराई की और यश की तारीफ की। बेनेडिक्ट ने इस दोहरे रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि यश भी शादीशुदा हैं और पिता हैं, जबकि कियारा को रोमांटिक सीन करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा करते हुए बेनेडिक्ट ने कियारा की आलोचना करने वाले ट्रोलर्स को आड़े हाथों लिया। उन्होंने उनके दोहरे रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैंने लोगों को यश की तारीफ करते देखा है। वे उनके कमेंट्स में 'फायर इमोजी' भर देते हैं और कहते हैं कि वह कितने शानदार लग रहे हैं। लेकिन जब कियारा आडवाणी की बात आती है, तो लोग उनका मजाक उड़ाने लगते हैं। लोग ऐसी बातें कह रहे हैं कि 'अरे, उनकी तो अभी-अभी शादी हुई है, वह एक मां हैं और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हनीमून पर जाने के बजाय वह काम कर रही हैं।

### भोजपुरी

## प्रवेश संग नीलम का गाना देख उतावले हुए फैंस, बोले- भोजपुरी की शकीरा



भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी का नया गाना 'रशियन से कम नईखी' रिलीज हुए पांच दिन हो चुके हैं और गाने पर उनके फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं। गाने में नीलम गिरी प्रवेश लाल यादव के साथ नजर आ रही हैं और डांस कर रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की टैलेंटेड एक्ट्रेस नीलम गिरी का नया गाना आया है जो सोशल मीडिया पर भी खूब धूम मचा रहा है। इस गाने के बोल हैं 'रशियन से कम नईखी'। इसमें नीलम अपने अब तक के सबसे अलग अंदाज में नजर आ रही हैं और उनका लुक भी काफी शानदार है। नीलम गिरी के फैंस वीडियो पर खूब कमेंट कर रहे हैं। गाने में उनके साथ प्रवेश लाल यादव भी दिख रहे हैं जो काफी हैंडसम लग रहे हैं। नीलम गिरी के नए गाने 'रशियन से कम नईखी' पर अब तक 259,808 व्यूज आ चुके हैं और उनके फैंस भी खूब प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया- भोजपुरी की शकीरा। अब तक का बेस्ट सॉन्ग। एक ने लिखा- नीलम गिरी, टीआरपी क्वीन, गाना 10 बार सुन चुका हूं। एक फैन ने लिखा- रशियन से कहां आपकी तुलना, आप कहीं ऊपर हैं। एक ने लिखा- बिल्कुल सही गाना, आप रशियन से कम नहीं।

## मासूमियत का फैशन

किड्स फ़ैशन के लिए स्पेन के 'एबेल एंड लूला' का फ़्लावर प्रिंट कलेक्शन इन दिनों चर्चा में है। दुनिया भर में बच्चों के लिए भी फैशन शो रखे जाते रहे हैं और स्पेन इसमें अपवाद नहीं है। यहां दुनिया भर के डिजाइनर अपने कलेक्शन लेकर पहुंचते हैं। बच्चे भी इस फैशन शो का पूरा मजा लेते हैं।



## नेचुरल हेयर स्ट्रेटनिंग के लिए बेस्ट हैं एलोवेरा और अरंडी का तेल

अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ अधिकतर महिलाएं अपने बालों को भी सुन्दर, लम्बा और घना बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो आपके लिए ये टिप्स बेस्ट हो सकती हैं। ऐसे घरेलू उपाय का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को स्ट्रेट और सिल्की बना सकती हैं। यही नहीं इस खास हेयर मास्क की मदद से आप सफ़ेद बालों को भी कम कर सकती हैं।



### बालों के लिए एलोवेरा और अरंडी का तेल

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि लम्बे, घने बालों के लिए महिलाएं कई उपाय आजमाती हैं, कुछ महिलाएं, तो बाजार के महंगे प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को स्ट्रेट और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप घर पर इस खास एलोवेरा और अरंडी के तेल से बना हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं। इससे आपके बाल खूबसूरत बनेंगे और नेचुरल हेयर स्ट्रेटनिंग भी होगी। यह आपके बालों के लिए एक खास उपाय हो सकता है, जिसे आजमा कर आप इन्हें मजबूत और खूबसूरत बना सकती हैं।

### अरंडी से हेयर मास्क बनाने का तरीका

अपने बालों को नेचुरली स्ट्रेट और खूबसूरत बनाने के लिए आप एलोवेरा और अरंडी से हेयर मास्क बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप एक कंटेनर में तजा एलोवेरा जेल निकाल लें, फिर उसमें थोड़ा अरंडी का तेल मिक्स कर दें। आप चाहें तो इस पेस्ट में नारियल का तेल भी मिक्स कर सकती हैं। अब आपका हेयर मास्क बनकर तैयार हो गया है। आप इसे अपने बालों पर लगाकर अपने बालों को खूबसूरत बना सकती हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

इस हेयर मास्क से आपके बाल न सिर्फ स्ट्रेट दिखेंगे, बल्कि इससे बाल काले और मजबूत भी बन सकते हैं। आप इस हेयर मास्क का एक हफ्ते में केवल 2 बार इस्तेमाल कर सकती हैं। जरूरत से ज्यादा इसका इस्तेमाल करने से बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने से पहले आप अपने बालों को धो सकती हैं, उसके बाद इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको इस हेयर मास्क को बालों में 25 से 30 मिनट के लिए लगाकर रखना है।

## मानसून में ये लेटेस्ट डिजाइंस सूट स्टाइल करके पाएं परफेक्ट लुक



सूट कई खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। लेकिन, अगर आप मानसून सीजन में ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं और भीड़ से अलग दिखना चाहती हैं, तो आप खास डिजाइन के सूट स्टाइल कर सकती हैं। मानसून सीजन में महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं कि क्या पहनें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में महिलाएं कुछ ऐसा आउटफिट स्टाइल करना चाहती हैं जिसमें वे स्टाइलिश भी दिखें और आरामदायक भी महसूस करें। अगर आप भी ऐसा ही कुछ चाहती हैं और एक परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती हैं, तो खास डिजाइन के सूट स्टाइल्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। ये सूट न्यू, स्टाइलिश लुक के लिए बेस्ट हैं और इनमें आपका लुक ट्रेडिशनल नजर आएगा। लेटेस्ट डिजाइन वाले सूट मानसून में परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा।





### वोवन डिजाइन कॉटन सूट

मानसून सीजन में स्टाइलिश और आरामदायक रहने के लिए आप इस तरह का वोवन डिजाइन वाला कॉटन सूट स्टाइल कर सकती हैं। जैसा कि तस्वीर में दिख रहा है, यह सूट वोवन डिजाइन और कॉटन फैब्रिक में है। साथ ही, यह राउंड नेक डिजाइन और 3/4 स्लीव्स में आता है। इस तरह का सूटमानसून सीजन में पहनने के लिए सबसे अच्छा है और इसमें आपका लुक सुंदर और सबसे अलग नजर आएगा। इस सूट के साथ अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप पर्ल इयररिंग्स और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

### बीड्स एंड स्टोन वर्क सूट

अगर आप ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं या किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं, तो आप मानसून सीजन में इस तरह का सूट स्टाइल कर सकती हैं।

## बेस्ट ज्वेलरी सेट खास आपके लिए, देखें डिजाइन

सोलह श्रृंगार कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो आप ग्रीन साड़ी के साथ इन खूबसूरत ज्वेलरी सेट को ट्राई कर सकती हैं। अगर आप ग्रीन कलर की साड़ी या कोई आउटफिट पहनने का सोच रही हैं, तो अपने लुक को खास और गॉर्जियस बनाने के लिए आप ग्रीन कलर की एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ग्रीन ज्वेलरी सेट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप अपने सावन महीने को यादगार बना सकती हैं और गॉर्जियस लुक क्रिएट कर सकती हैं।



### गोल्ड प्लेटेड ग्रीन ज्वेलरी सेट

आप ग्रीन साड़ी के साथ खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड ग्रीन ज्वेलरी सेट को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के ज्वेलरी सेट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### फ्लावर ग्रीन बैंगल्स

यही नहीं आप चाहें तो अपने लुक को खास बनाने के लिए अपने किसी भी आउटफिट या साड़ी के साथ नेकलेस शामिल कर इस खूबसूरत ग्रीन कलर के फ्लावर ग्रीन बैंगल्स शामिल कर सकती हैं। इस तरह के बैंगल्स आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे। इस तरह के बैंगल्स न सिर्फ आपके लुक को खास बनाएंगे, बल्कि इसे पहनकर आप अपने हाथों की खूबसूरती को भी बढ़ा सकती हैं।

### एमरल्ड स्टोन नेकलेस सेट

आप अपनी खूबसूरती से घर में मौजूद हर इंसान को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप अपने साड़ी लुक के साथ इस खूबसूरत एमरल्ड स्टोन नेकलेस सेट को ट्राई कर सकती हैं।

## पिंपल्स हो गए हैं तो स्किन केयर में न करें ऐसी गलतियां, वरना बढ़ सकती है परेशानियां

अगर पिंपल्स प्रॉब्लम की वजह से आपकी स्किन भी खराब दिखने लगती है, तो ऐसे में आप कुछ गलतियों को करने से बचे, ताकि आपकी स्किन हेल्दी रहे। इसके लिए एक्सपर्ट राय लेना जरूरी है। चेहरे पर पिंपल्स होना आम समस्या है, लेकिन कई बार इसमें किसी भी नई चीज को लगाने से स्किन पर पिंपल्स प्रॉब्लम और ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके लिए हम एक्सपर्ट राय के बिना चीजों का इस्तेमाल करते हैं। इसकी वजह से त्वचा पर पिंपल्स की मदद से दाग होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप डॉक्टर स्वाति के बताई गई बातों का ध्यान रखें। आर्टिकल में जानते हैं इन गलतियों के बारे में।

### पिंपल्स प्रॉब्लम में चेहरे को ज्यादा न धोएं

अक्सर हम यह सोचकर चेहरे को साफ करते हैं कि ऑयल और गंदगी की वजह से त्वचा पर दोबारा पिंपल्स न निकल जाएं। लेकिन हर बार स्किन को ज्यादा साफ करने से चेहरे पर से नमी गायब हो जाती है। ऐसे में आप कोशिश करें कि चेहरे को कम से कम धोएं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे नमी कम नहीं होती है। साथ ही, चेहरे पर होने वाली पिंपल्स प्रॉब्लम कम छेड़ना है।



### पिंपल्स पर न करें भारी या ऑयली क्रीम का इस्तेमाल

पिंपल्स वाली स्किन पर ऑयली या हेवी क्रीम लगाने से पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं। इससे स्किन और चिपचिपी हो जाती है और पिंपल्स प्रॉब्लम और ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए कोशिश करें कि किसी भी प्रोडक्ट को लगाने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन पर होने वाले पिंपल्स को सही होने के लिए समय मिलेगा। अक्सर ऐसा होता है कि स्किन प्रॉब्लम को देखते हुए हम अपने चेहरे पर किसी और चीजों का इस्तेमाल करते हैं।

कार्नर न्यूज

### शॉपिंग करने का सही तरीका आपको यहां मिलेगा कुछ टिप्स के साथ

## मेंस फैशन में ड्रेस खरीदने से पहले सिर्फ बजट नहीं क्वालिटी से लेकर सबकुछ परख लीजिए

कपड़ा खरीदने से पहले अधिकतर लोगों की नजर सिर्फ प्राइज पर जाती है। अगर वह ड्रेस उनकी बजट में है तो ठीक वरना वो नहीं खरीदते हैं। शायद आप भी ऐसा ही करते होंगे! मगर शॉपिंग करने का ये तरीका सही नहीं है। हमें कपड़े की कीमत से पहले कुछ अन्य जरूरी चीजों को जानना है।

क्योंकि, कपड़ा हम हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए खरीदते हैं न कि बीमार पड़ने के लिए। सोचिए अगर आपकी ड्रेस आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करता है तो क्या आप उसे पहनना पसंद करेंगे? शायद ही कोई ऐसा हो जो ऐसे ड्रेस को पहनना या खरीदना पसंद करेगा। मगर इस बात की जानकारी तभी होगी जब हम कपड़े को खरीदने से पहले जान लें। इसके लिए आपको बहुत अधिक समय नहीं देना है। ये सारी बातें मिनटों में पढ़कर समझ सकते हैं। इसलिए चलिए हम कपड़े को खरीदने से पहले चेक की जाने वाली जरूरी चीजों को जान लेते हैं-

हेल्दी लाइफस्टाइल जीने वाले कभी भी क्वालिटी के साथ समझौता नहीं करते हैं। खासकर पहनने और खाने वाली चीजों के साथ भूलकर भी क्वालिटी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आप क्वालिटी पसंद शख्स हैं तो फिर आज से एमआरपी से पहले क्वालिटी चेक करें।



### शॉपिंग मॉल या फैशन स्टोर पर कैसे ड्रेस की क्वालिटी चेक करें?

स्टाइलिश-ट्रेंडी होने के साथ-साथ कपड़ा आरामदेह होना चाहिए। ऐसी ड्रेस खरीदें जो कि आपकी त्वचा को आराम पहुंचाने का काम करें। कई लोग दुकानदार के कहने पर कपड़े को खरीद लेते हैं जबकि, यह बात हमें कपड़े पर लगे टैग पर पढ़नी चाहिए। पहले कपड़े को लेकर छूकर देखें एक बार कपड़े को उल्टा करके फैब्रिक देखें कपड़े में कॉटन और अन्य फैब्रिक के मिश्रण को जानें

ड्रेस को एक बार पहनकर चेक करें

किसी दुकान या मॉल से कपड़े को खरीदने से पहले उसे छूकर या ट्रायल के जरिए चेक कर सकते हैं। मगर ऑनलाइन खरीदते वक्त हमें ये सुविधा नहीं मिलती है। इसलिए हमें कुछ अन्य तरीके से इन बातों को जानना पड़ेगा-

### कपड़ा हाथ से धोने वाला है मशीन वॉश?

अगर कपड़े को जल्दी खराब होने से बचाना है तो उसको धोने के तरीकों के बारे में अच्छी तरह जानना होगा। कई लोग कपड़ा खरीदते वक्त इस बात को नहीं पढ़ते हैं। इसलिए हमें अपनी जरूरत को देखकर ही ड्रेस की खरीदारी करनी चाहिए। सोचिए, अगर कोई ड्रेस केवल मशीन वॉश के लिए है और आपके पास वॉशिंग मशीन नहीं है। इसके अलावा आपको हाथों से कपड़े धोना पसंद नहीं है, मगर आपने जो कपड़ा खरीदा है उसको सिर्फ हैंड वॉश करना है। ऐसी दोनों परिस्थितियों से बचने के लिए उसको धोने का तरीका जानकर ही खरीदें।

